## संक्षिप्त समाचार

### प्रकृति उसकी रक्षा करती है, जो प्रकृति की रक्षा करता है - भूपेंद्र

**ऋषिकेश, एजेंसी।** केंद्रीय श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने परमार्थ गंगा आरती में प्रतिभाग भी किया। रविवार को परमार्थ पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्वामी चिदानंद सरस्वती ने रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रकृति उसकी रक्षा करती है, जो प्रकृति की रक्षा करता है। इसलिए सभी को प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। प्रकृति के माध्यम से हम अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख सकते हैं। स्वामी चिदानंद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय खतरों से निपटने के लिए सभी को समेकित प्रयास करना होगा। पर्यावरण की क्षति जीवन व जीविका दोनों को प्रभावित कर रही है। इसलिए प्रकृति के पैरोकार व पहरेदार बने। परमार्थ गंगा आरती में भारत के छह राज्यों से आए गंगा प्रहरियों ने भी प्रतिभाग किया। जिन्हें स्वामी चिदानंद ने जल संरक्षण व पौधा रोपण का संकल्प कराया।

### इग्नू करेगा भोगपुर गांव में सर्वे

**ऋषिकेश, एजेंसी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत भोगपुर ग्राम पंचायत को मकानों और गांव के सर्वे के लिए चुना गया है। सर्वे के बाद रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी। सर्वे के आधार पर गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का गठन किया जाएगा। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी, अपर निदेशक डॉ. रंजन कुमार और सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जगदंबा प्रसाद थपलियाल की ओर से उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा भोगपुर का चयन किया गया। जिसको लेकर इग्नू के अधिकारियों और टीम की ओर से भोगपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक थपलियाल ने कहा कि इग्नू सहित तमाम शैक्षिक संस्थानों को गांवों का चयन कर जागरुकता अभियान और सामाजिक कार्य के लिए सर्वे किए जाने हैं। जिसमें मकानों और गांव का सर्वे किया जाएगा। जिसमें कृषि चक्र, हेल्थ, स्वच्छता, रोजगार आदि का सर्वे कर रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजीव नेगी, मोहित राणा, शकुंतला सिंह, असलम अली, अफरोज खातून, फरीदा जफर, राजीव जोशी आदि उपस्थित रहे।

### पहले दादा, अब हम कर रहे मांग, लेकिन नहीं बन रही मुख्य सड़क

**हरिद्वार, एजेंसी।** लालढांग क्षेत्र के नलोवाला गांव के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का दंश झेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले उनके दादा ने मांग उठाई, फिर पिता ने, लेकिन आज तक मुख्य सड़क नहीं बन पाई है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुलाम रसूल, यूसुफ, अलीशेर, इनाम अली, रियाज अली, जैतून, शहनाज आदि का कहना है कि वर्ष 1962 से अस्तित्व में आए इस एक हजार आबादी वाले गांव की सड़क उस दौर की तरह आज भी धूल फांक रही है। सबसे अधिक परेशानी बरसात दिनों में होती है, जब पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। लोगों का पैदल चलना तक दूभर हो जाता है। देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए हैं। उत्तराखंड का गठन हुए भी 23 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन न तो शासन-प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे हैं।

### महिला की मौत के मामले में बस चालक पर केस

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में झारखंड की महिला की रोडवेज बस की टक्कर लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के बेटे ने हरिद्वार डिपो के चालक के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस के अनुसार मो. अली हुसैन अंसारी निवासी ग्राम पचरुखी जिला गोड्डा झारखंड ने शिकायत देकर बताया कि बीती नौ जनवरी को अपनी माता बिंदु बीबी के साथ टूरिस्टर बस झारखंड से कलियर के लिए निकले थे। 13 जनवरी को बस चिड़ियापुर में एक ढाबे पर रुकी। इस बीच माता रोड पार करने के लिए सड़क किनारे पर खड़ी हुई, तभी चिड़ियापुर की तरफ से हरिद्वार डिपो की तेज

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का किया शुभारंभ

प्रातः किरण, संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ किया व स्वयं भी हवाई जहाज में बैठकर देहरादून रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने इस हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य है। यहां पर धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना-जाना सहजता से हो, इसके लिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून, दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। मोदी जी के प्रयास से ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं, सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने के बाद 1 घंटे में देहरादून पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है, इसके लिए नये टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ओएलएस सर्वे कर लिया गया है। पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के मध्य हेली सेवा की शुरूआत की गई थी, इसको भी नियमित करने की सरकार की योजना है। निकट भविष्य में चिन्यालीसौड़ व गौचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने के संबंध में भी कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों को संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों को देश विदेश में नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह हवाई सेवा जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेवा अभी सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू हुई है, बाद में इसे 05 दिन किया जायेगा। आने वाले समय में पिथौरागढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से अनुरोध किया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के लिए हर संभव निरंतर प्रयास के लिए कटिबध है। उन्होंने कहा उत्तराखंड देवभूमि है, व उत्तर भारत का प्रवेश द्वार है उत्तराखंड से मेरा हृदय से जुड़ाव है। मेरे 5 वर्ष उत्तराखंड में ही बीते हैं। उन्होंने कहा कुमाऊं और गढ़वाल दोनों विमान सेवा से जुड़े रहे हैं, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि अभी 19 सीटर जहाज संचालित किया जा रहा है। जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को चलाई जा रही है, 1 घंटे में पिथौरागढ़ से देहरादून पहुंच जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। सांसद अजय टम्टा ने कहा आज ऐतिहासिक दिन है उन्होंने पिथौरागढ़ से देहरादून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आने वाले समय में पिथौरागढ़ से देहरादून 3 दिन बढ़कर 5 दिन हवाई सेवा बढ़ाने व पिथौरागढ़ से दिल्ली को हवाई सेवा से जोड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सचिव शैलेश बगौली ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वह नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक पिथौरागढ़ मयूख महर, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रर लूंठी, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी डा एस के वरनवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा फ्लाइविंग के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## सरकार ने किया विकास के सभी आयामों में अतुलनीय कार्य - धामी

**हरिद्वार, एजेंसी।**
जिला भाजपा कार्यालय से गांव चलो अभियान की की शुरुआत और कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने विकास के सभी आयामों में अतुलनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोई ऐसी योजना नहीं है, जिसे गरीब ने लिया और और अमीर वंचित है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास का एक अप्रतिम उदाहरण देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर तरफ से जय श्रीराम का उद्घोष हो रहा है। केंद्र की ऐसी योजनाएं हैं कि अप्रत्यक्ष रूप से सभी को लाभ मिला है। अगर गरीब योजनाओं का लाभ ले रहे हैं तो अमीर भी इससे वंचित नहीं हैं। कहा कि कोविड वैक्सीन हो या भव्य एयरपोर्ट, सुविधायुक्त सड़कें हों या रेलवे स्टेशन की सौंदर्यता अमीर भी इसका लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में किए गये कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चाहे लैंड जिहाद का मामला रहा हो या देश में पहले राज्य के रूप में यूसीसी लागू करने की बात, उत्तराखंड ने अपनी पहचान बनाई। गांव चलो अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी मजबूत करना है। इस कार्य की सिद्धि के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देश में गांव चलो अभियान का निर्णय हुआ है। प्रदेश के सभी गांव एवं नगरों के सभी बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय लगाकर प्रवास करना है।

मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि गांव चलो अभियान आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अति महत्वपूर्ण है। इसकी सफलता के लिए जिले से मंडल, मंडल से लेकर बूथ तक की रचना में अनुभवी पदाधिकारियों को जोड़कर 9 से 11 फरवरी तक 24 घंटे के प्रवास में जाना है। जिला कार्यशाला के बाद 31 जनवरी से चार फरवरी तक मंडल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, लव शर्मा, आशु चौधरी, विकास तिवारी, विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, संजय गुप्ता, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, राजेंद्र व्यास, रिशु चौहान, रंजीता झा, रश्मि चौहान मौजूद रहे। महेंद्र भट्ट ने कहा कि बूथ समिति के साथ बैठक कर पूर्व के चुनाव में मिले मतों की भी समीक्षा करनी होगी। पिछले दिनों चली विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र सरकार की योजनाओं में उस गांव या नगरीय बूथ में कितने लोगों ने यात्रा का लाभ लिया, इसका भी संज्ञान लेना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं अमृत सरोवरों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाकर बूथ पर निवास करने वाले लाभार्थियों से मिलकर छोटी-छोटी वीडियो क्लिप बनाएं और उसे सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित भी करें। गांव चलो अभियान के तहत 'घर-घर पहुंचाएंगे मोदी का संदेश, आगे बढ़ेगा गांव आगे बढ़ेगा देश' और 'मोदी का एक ही सपना विकसित बने हर गांव अपना' व 'मोदी की गारंटी पर है विश्वास, गांव-गांव पहुंच रहा विकास' आदि संकल्पों के साथ बूथ पर जाना है।

## शीतकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल, अभी ठंड और कोहरा बरकरार

**रुड़की, एजेंसी।** घना कोहरा और ठंड बरकरार होने से अभिभावक चिंतित हैं, कि बच्चों को स्कूल भेजा जाए या नहीं। एक जनवरी से 14 जनवरी तक सभी निजी और सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो गए थे। एक जनवरी से शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूल आज से पूरी तरह खुल जाएंगे। स्कूलों के खुलने पर छोटे बच्चों की परेशानी हो सकती है। अभी कोहरे और कड़ाके की ठंड बरकरार है। ऐसे में अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने के लिए असमंजस में फंस गए हैं।

एक जनवरी से 14 जनवरी तक सभी निजी और सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो गए थे। इसके बाद 14 तक मौसम साफ होने के बजाय बिगड़ता चला गया। ऐसे में स्कूलों में अवकाश भी बढ़ते गया। लगातार स्कूल बंद होने से निजी स्कूल संचालकों ने छात्रों को ऑनलाइन होम वर्क देना शुरू कर दिया था। वहीं 26 जनवरी के अवकाश के बाद कुछ निजी स्कूल अगले दिन खोले गए थे। जबकि अधिकांश स्कूल संचालकों शनिवार का भी अवकाश घोषित कर सोमवार से स्कूल नियत समय पर खोलने का निर्णय लिया था।

## अब नशे के खिलाफ नारियों ने खोला मोर्चा

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।**
काकड़ीघाट क्षेत्र में अब महिलाएं नशे पर लगाम लगाएंगी। क्षेत्र की महिलाओं ने जन जागृति संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर यह संकल्प लिया। महिलाओं ने कहा कि वे एकजुट होकर नशे का सामान बेचने और इसका उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाएंगी।

रविवार को लोक शक्ति मंच की तरफ से रामलीला मैदान काकड़ीघाट में जन जागृति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गडस्यारी, सूरी, बेड़गांव, सड़का, हरड़े, सुनियाकोट, काकड़ीघाट, नौगांव, जौरासी सहित आसपास के गांवों की महिलाओं ने भाग लिया। ग्राम विकास अधिकारी दया शंकर ने महिलाओं को कई योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक पुष्पा पांडे ने कहा कि आज के दौर में नशा घरेलू हिंसा का बड़ा कारण बन रहा है। उन्होंने महिलाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।



महिलाओं ने कहा कि अब वह क्षेत्र में नशे के सामान की बिक्री नहीं होने देंगी। शराब बेचने और पीने वालों को वह सबक सिखाएंगी। इस दौरान उन्होंने जंगलों की सुरक्षा के साथ ही स्वरोजगार शुरू करने का संकल्प लिया। यहां नीमा नेगी, खष्टी देवी, हंसी बिष्ट, दीपा रावत, कविता रावत, चंपा बिष्ट, हेमा बिष्ट, उमा बिष्ट, गुड्डी रावत, मुन्नी देवी, राधा तिवाड़ी, सरस्वती देवी, अनिता कनवाल सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## कॉरिडोर पर व्यापारियों से भी सुझाव ले जिला प्रशासनः चौधरी

**हरिद्वार, एजेंसी।**
राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने हरिद्वार में बनने जा रहे कॉरिडोर का स्वागत किया है। व्यापार मंडल ने परियोजना अधिकारी एवं जिला-प्रशासन से कहा कि वह व्यापारियों से भी सुझाव ले और कॉरिडोर का स्वरूप क्या होगा इसे भी बताया जाए।

रविवार को शिवमूर्ति चौक पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि उन्होंने सरकार से पॉड टैक्सी योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए जल्दी शुरू करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग और सुझाव देंगे। संजीव चौधरी ने कॉरिडोर को हरिद्वार के लिए ऐतिहासिक कार्य बताया है। उन्होंने कॉरिडोर की सौगात पर सीएम पुष्कर धामी को बधाई दी।

जिलाध्यक्ष विनीत धीमान और महामंत्री भारत तलुजा ने कहा कि कॉरिडोर का नक्शा जारी किया जाना चाहिए। इससे व्यापार और पर्यटक दोनों बढ़ेंगे। शहर अध्यक्ष हरविंदर सिंह व कुलदीप खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री एक से बढ़कर एक सौगात दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना अधिकारी और व्यापारियों से तालमेल कर योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाय तो यह बेहतर होगा।

## तीन सड़क दुर्घटनाओं की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
डीएम विनीत तोमर ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन वाहन दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। रानीखेत के बोहरा गांव के पास भुजान में 26 दिसंबर 2023 को माल वाहक वाहन संख्या यूके-04 सीसी 0024 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई। इसके कारणों की जांच के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पांच जनवरी को तहसील सल्ट के डगुला-मनहैत-पीपना सड़क में दुर्घटनाग्रस्त हुई बोलेरो संख्या यूके 04 टीए 7365 में चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसकी जांच सल्ट एसडीएम को सौंपी गई है। एक नवंबर 2023 को तहसील अल्मोड़ा के माल रोड के चौघानपाटा में बाइक संख्या यूके 01 ए 6736 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें चालक की मौत हुई। डीएम ने इस दुर्घटना की जांच के लिए एसडीएम सदर को नामित किया है।

## हल्द्वानी में तेज रफ्तार ट्रक ने डिलीवरी बॉय को कुचला; मौके पर ही मौत

**नैनीताल , एजेंसी।** हल्द्वानी में डिलीवरी करके घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। वहीं बाइक में बैठा दूसरा युवक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। डिलीवरी करके घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं बाइक में बैठा दूसरा युवक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बैकुंठपुर शक्तिफार्म सितारगंज निवासी उदय (20) दुकानों में डिलीवरी का काम करता था। शनिवार दोपहर वह दुकानों में डिलीवरी देने के बाद अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान हराई खत्ता के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और वह ट्रक के नीचे आ गया। स्थानीयों ने उसे एंबुलेंस से सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया कि उदय की एक साल पहले ही शादी हुई थी। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## पहाड़ियां पड़ी हैं सूखी, बर्फबारी नहीं हुई तो पिघलने लगेंगे हिमालय के ग्लेशियर

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**
मौसम में हो रहा बदलाव, प्रकृति और पर्यावरण के लिए शुभ नहीं है। जल्द बारिश व बर्फबारी नहीं हुई तो फरवरी पहले सप्ताह से ही हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लग जाएंगे।



सर्दियों की बर्फबारी को हिमालय के ग्लेशियरों के लिए खुराक माना जाता है। लेकिन, इस बार हालात काफी नासाज हैं। बीते पांच महीनों से हिमालय क्षेत्र में बर्फ का अकाल पड़ा है। ग्लेशियरों पर नई बर्फ नहीं है। हर साल जो पहाड़ियां बर्फ की मोटी परत से सजी रहती थीं वहां भी सूखा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में हो रहा बदलाव, प्रकृति और पर्यावरण के लिए शुभ नहीं है। जल्द बारिश व बर्फबारी नहीं हुई तो फरवरी पहले सप्ताह से ही हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लग जाएंगे, इससे आने वाले समय में भारी जल संकट पैदा हो सकता है।

समुद्रतल से 11,750 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम में बीती बरसात के बाद से अभी तक बमुश्किल से दो फीट तक बर्फबारी हुई है। बीते सप्ताह यहां हल्की बर्फबारी हुई थी। लेकिन, यह नाकाफी है। केदारनाथ से चार किमी ऊपर चोराबाड़ी ताल व छह किमी ऊपर वासुकीताल क्षेत्र में भी बर्फ गायब हैं। इस शीतकाल में चोराबाड़ी ग्लेशियर और उससे लगे कंपेनियन ग्लेशियर पर बर्फ की नई परत नहीं बन पाई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि शीतकाल में होने वाली बर्फबारी ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय के मध्य व निचले क्षेत्र के लिए लाभकारी होती है। लेकिन कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी का चक्र पूरी तरह से बदल गया है, जो चिंताजनक है। अगर, जनवरी के आखिरी तक अच्छी बर्फबारी नहीं होती है, तो फरवरी से ही हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लग जाएंगे, जिससे कई प्राकृतिक स्रोत सूख सकते हैं। साथ ही निचले इलाकों में भी पेयजल संकट गहरा सकता है।

## पांच माह में सड़क दुर्घटना के दौरान बढ़ी मृतकों की संख्या

**हरिद्वार, एजेंसी।**
कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को राज्यसभा सांसद नरेश बंसल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें लोनिवि और एआरटीओ ने कई बिंदुओं की जानकारी दी। इससे पहले सांसद ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बैठक में अधिकारियों ने राज्यसभा सांसद को बताया कि बीते साल यात्रा सीजन में पर्यटकों की संख्या अधिक होने और सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ने से अप्रैल, मई, अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर में दुर्घटनाएं अधिक हुईं। इनमें मृतकों की संख्या भी बढ़ी है। मृतकों में दोपहिया वाहन चालक अधिक शामिल रहे। राज्यसभा सांसद के कारण पूछने पर बताया गया कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण ओवरस्पीड, रेश ड्राइविंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाना जांच में सामने आया है। अधिकारियों ने शाम छह बजे से रात 12 बजे के मध्य दुर्घटनाएं अधिक होने की जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सड़कों का लगातार विस्तार होने के बावजूद दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बढ़ते ग्राफ को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट, कार चालकों से सीट बेल्ट बांधने की अपील की। इस दौरान कई स्कूलों के बच्चों को अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

इस दरौरान जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दिवेश शाशनी, नगर आयुक्त वरूण चौधरी, एसडीएम लक्सर गोपाल चौहान, एसडीएम भगवानपुर जितेंद्र कुमार, पंकज गैरोला, स्वतंत्र कुमार, विजयनाथ शुक्ल, डॉ. मनीष दत्त, पंकज श्रीवास्तव, अतुल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटनाएं शहरी और देहात क्षेत्र में ज्यादा हैं। यहां पर सड़कों पर सुरक्षात्मक उपायों की कमी के साथ-साथ लोगों के अंदर जागरूकता की कमी देखी गई है। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की दुर्घटनाएं रोकने के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाएं।

# दिल्ली को जल्द मिलेगा पांचवां ओल्ड एज होम

## दिल्ली सरकार पश्चिम विहार में बना रही आधुनिक सुविधाओं से लैस सावित्रीबाई फुले सीनियर सिटीजन होम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में रह रहे बेसहरा बुजुर्गों को जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस पांचवां ओल्ड एज होम मिल जाएगा। केजरीवाल सरकार ने पश्चिम विहार में सभी आधुनिक सुविधओं से लैस दिल्ली का पांचवां ओल्ड एज होम का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया है। साबित्री बाई फूले सीनियर सिटीजन होम नामक इस ओल्ड एज होम को जल्द ही बेसहारा बुजुर्गों को सुपूर्द कर दिया जाएगा। 96 बुजुर्गों के रहने की क्षमता वाले इस होम का औपचारिक रूप से संचालन के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी मंजूरी दे दी है और अब फाइल एलजी के पास भेजी गई है। बता दें कि दिल्ली में अभी चार ओल्ड एज होम संचालित हो रहे हैं, जहां 505 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था है।

सीएम अरविंद केजरीवाल के दिशा-निर्देशन में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा पश्चिम विहार में यह पांचवां ओल्ड एज होम बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा होम में रहने वाले बेसहारा बुजुर्गों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। समाज कल्याण मंत्री द्वारा इस ओल्ड एज होम का नाम साबित्री बाई फूले सीनियर सिटीजन होम दिया गया है। यहां पर 96 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। इस ओल्ड एज होम के निर्माण में बुजुर्गों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। इस होम में रहने वाले बुजुर्गों को निःशुल्क आवास, भोजन, कपड़े, बिस्तर की सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही, बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए टीवी, रेडियो और किताबें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बुजुर्गों के लिए होम में एक मनोरंज केंद्र होगा। इसके अलावा, बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी भरपूर ख्याल रखा जाएगा। उनकी देखभाल के लिए डॉक्टर और फिजियोथेरेपी समेत अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। समाज कल्याण विभाग ने सावित्रीबाई फूल सीनियर सिटीजन होम का औपचारिक रूप से संचालन के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने अनुमति मांगी थी, जिसे उन्होंने मंजूरी दे दी है।

पहले से दिल्ली में चल रहे चार ओल्ड एज होम

दिल्ली में अभी कुल 4 ओल्ड एज होम का संचालन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पहला ओल्ड एज होम साउथ-वेस्ट जिला के विंदापुर में 1974 में निर्मित किया गया था, जहां 52 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की क्षमता है। दूसरा ओल्ड एज होम नार्थ दिल्ली स्थित अशोक विहार में ज्योतिबा फूल ओल्ड एज होम 2019 में शुरू हुआ, जिसमें 36 बुजुर्गों के रहने की क्षमता है। तीसरा डॉ. बी.आर. अंबेडकर सीनियर सिटीजन होम पूर्वी दिल्ली के कांति नगर में संचालित हो रहा है, जहां 117 लोगों के रहने की व्यवस्था है। जबकि चौथा ओल्ड एज होम ताहिरपुर में संचालित हो रहा है, जहां 300 बुजुर्गों को रहने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। कांतिनगर और ताहिरपुर में ओल्ड एज होम की शुरूआत 2022 में की गई थी।

### प्रवेश की प्रक्रिया

होम में प्रवेश स्वैच्छिक आधार पर किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति को कुछ दस्तावेजों व प्रमाणपत्रों के साथ समाज कल्याण विभाग मुख्यालय में सामाजिक सुरक्षा शाखा के उप निदेशक अथवा अधीक्षक (वरिष्ठ नागरिक निवास) को आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र, दिल्ली में निवास का प्रमाण-पत्र या अधिवास प्रमाण पत्र की कॉपी संलग्न करनी होगी। आवेदन प्राप्त होने पर अधीक्षक एवं कल्याण अधिकारी तुरंत पात्रता के मूल्यांकन के लिए प्रक्रिया पूरी करेंगे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आवेदक पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं। सामाजिक जांच रिपोर्ट, कल्याण अधिकारी द्वारा क्षेत्र का दौरा करने के बाद तुरंत अधीक्षक को प्रस्तुत करेंगे। अधीक्षक अपनी टिप्पणियों व सिफारिशों के साथ जांच किए गए आवेदनों को प्रदेश और निर्वहन समिति, जिला समाज कल्याण अधिकारी और अधीक्षक के समक्ष निर्णय लिए रखेगा। इसके बाद आवेदकों को वरिष्ठ नागरिक निवास में रहने के लिए सूचित किया जाएगा।

#### ओल्ड एज होम में ये होंगी सुविधाएं

- शौचालय और स्नान घर के साथ 50 हवादार कमरे हैं।
- मनोरंजन केंद्र
- आधुनिक रसोई एवं भोजन एरिया
- पार्किंग की सुविधा
- सार्वजनिक घोषणा प्रणाली
- निःशुल्क आवास भोजन, कपड़े और बिस्तर की सुविधा
- केस वर्क और परामर्श सेवाएं
- बुजुर्गों की चिकित्सा देखभाल
- फिजियोथेरेपी
- टीवी, रेडियो, पुस्तकें और भजन-कीर्तन कार्यक्रमों के साथ अन्य मनोरंजन सुविधाएं

ओल्ड एज होम में रहने की पात्रता मानदंड

ओल्ड एज होम में दिल्ली के गरीब, निराश्रित और वृद्ध लोग प्रवेश ले सकते हैं, जिन की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है। जिनके पास भरण-पोषण के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है या रख-रखाव के लिए कोई सदस्य नहीं है।

# भाजपा नेता दिल्ली पुलिस प्रमुख से मिले, मुख्यमंत्री के खरीद-फरोख्त आरोप की जांच की मांग की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों को प्रलोभन देकर तोड़ने के आरोप लगाने की जांच की मांग को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत पत्र में भाजपा ने मुख्यमंत्री के आरोपों की जांच एवं अरविंद केजरीवाल, मंत्री आतिशी और विधायक दुर्गेश पाठक एवं दिलीप पांडे पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाना फिर चुप हो जाना या माफी मांग लेना मुख्यमंत्री केजरीवाल एवं उनके सहयोगियों की पुरानी आदत है। पर इस बार हमने निर्णय लिया है कि अरविंद केजरीवाल के झूठ की पोल खोलेंगे और इसीलिए आज पुलिस कमिश्नर को शिकायत पत्र सौंप कर जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रामवीर सिंह विधूड़ी ने कहा कि हम केजरीवाल के इस झूठे आरोप पर चुप नहीं बैठेंगे और दिल्ली की जनता के बीच झूठ को उजागर करने के साथ ही विधानसभा में भी उठायेंगे।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि कुछ भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी के 7 से 21 विधायकों को प्रलोभन देकर तोड़ने का प्रयास किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं अन्य नेताओं ने उसी दिन इस आरोप का खंडन कर मुख्यमंत्री को आरोप सिद्ध करने की चुनौती दी थी।

प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र सचदेवा के साथ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद डॉ. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी, रमेश विधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह एवं हंसराज हंस, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल बाजपेई, जितेंद्र महाजन एवं अभय वर्मा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, योगेन्द्र चंदोलिया एवं कमलजीत सहरावत और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, कार्यालय मंत्री बृजेश राय और अधिवक्ता नीरज शामिल थे।

# विवेक विहार में मारवाड़ी युवा मंच संस्था ने किया रक्तदान शिविर आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



शाहदरा जिले के विवेक विहार फेज दो स्थित ओसवाल सामाजिक संस्था भवन प्रांगण में मारवाड़ी युवा मंच के चालीसवे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमे क्षेत्र के कई स्थानीय निवासियों ने, अपने रक्त का दान कर सहयोग किया जिसमें सहयोगी संस्थान गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों की टीम द्वारा अलग अलग स्वास्थ्य क्षेत्र से आए टीम मेंबरों द्वारा अलग अलग आईक्यूमेंट की मदद से ब्लड एकत्रित किया जिसका इस्तेमाल उपयोग सड़क दुर्घटना में ग्रस्त लोगो को, गर्भ धारण की हुई महिलाओं को जरूरत के अनुसार सहयोग किया जाएगा जिससे हॉस्पिटल में अन्य गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को भटकना न पड़े। ब्लड डोनेशन कैंप में उपस्थित डॉ सुरेन्द्र वत्स कोऑर्डिनेटर ब्लड बैंक जी.टी.बी ने बताया कि ब्लड डोनेशन शिविर में कई गणमान्य व्यक्ति, महिलाए, सामाजिक कार्यकर्ता अपनी स्वयं इच्छा से रक्त दान कर रहे है इससे गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में स्थित ब्लड बैंक में जमा रक्त आपातकाल स्थिति में जैसे दुर्घटना के समय, गर्भवती महिलाओं के लिए, या कहे आपात घटनाओं में जनता जनार्दन, रोगों से ग्रस्त, पीड़ित व्यक्ति के उपयोग में लाया जाएगा साथ ही हम एक व्यक्ति से चार सौ पचास एम एल लेते है प्रति व्यक्ति, लास्ट महीने मारवाड़ी समाज संस्था से दो सो नाभीय यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ था साथ ही यहा से रक्त ब्लड प्रोसेस होता है एचआईवी जांच, अलग अलग जांच से गुजर कर स्क्रीनिंग होती है फिर इस्तेमाल होता है मरीजों के लिए आदि। इस ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच दिल्ली प्रान्त की शाखा मारवाड़ी युवा मंच दिल्ली नवचेतना शाखा द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सहयोगी संस्थान ओसवाल सामाजिक संस्थान रजिस्टर्ड, साथ ही जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा संस्थान आदि समितियों का सहयोग रहा जो निरंतर समाज में कई राष्ट्रीय पर्वो पर, तीज त्यौहार पर एवम अन्य स्वास्थ्य शिविर कैंप आदि आयोजन करवाती रहती है आदि। मारवाड़ी युवा मंच के दिल्ली प्रान्त के अध्यक्ष मुकेश बोधरा ने बताया कि पिछले चालीस सालों से चल रहा करवाहा मारवाड़ी युवा मंच जो निरंतर चालीस सालों से कार्यरत है साथ ही राष्ट्र स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान दिल्ली की बीस शाखाओं ब्रांचों समेत अलग अलग राज्यों में भी स्वास्थ्य कैंप एवं अन्य सामाजिक कार्य चल रहे है साथ ही दिल्ली नवचेतना शाखा अध्यक्ष सुचिता बेद ने बताया आज लगभग तीस सामाजिक गणमान्य व्यक्ति महिलाओं ने खून रक्त दान दिया साथ ही अन्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया एवं अन्य डोनर महिला ने बताया कि वह पिछले चौबीस सालो से संस्था से जुड़ी हुई हू आदि। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकारिणी सदस्यों के नाम आदि फाउंडर अध्यक्ष कोमल डोलकानिया, मंत्री रजनी चोरडिया, कोषाध्यक्ष सुमन बरडिया, सह कार्यकर्ता अनुराधा दुगर, प्रतिभा गोलछा, अलका संचिति आदि।

# श्री 108 शांतिसागर जी छाणी दीक्षा शताब्दी वर्ष में हुआ महाअर्चना का आयोजन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

प्रशममूर्ति जैन आचार्य श्री 108 शांतिसागर जी छाणी दीक्षा शताब्दी महोत्सव वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर भोलानाथ नगर दिल्ली में सराकोध्दारक आचार्य श्री ज्ञान सागर मुनिराज के आशीर्वाद से स्थापित ज्ञान जागृति मंच भारत द्वारा 13वां सुख शांति प्रदाता श्री भक्तामर जी स्त्रोत की 48 दीपो द्वारा महाअर्चना व आरती का आयोजन किया गया। भक्तामर पाठ में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शाहदरा जिलाध्यक्ष विपिन जैन, जैन समाज भोलानाथ नगर के प्रधान निर्मल जैन, ज्ञान जागृति मंच के प्रधान वरुण जैन, नानकचंद जैन, गुलाब वाटिका जैन समाज के उपप्रधान निर्मल जैन, अशोकनगर जैन समाज के उपप्रधान धीरज जैन, विपुल जैन, मनीष जैन, अंशुल जैन, निकुंज जैन के साथ साथ जैन समाज के अनेकों महिला व पुरुषों ने भाग लिया। इस अवसर पर बताया गया कि भक्तामर स्तोत्र की महिमा अपूर्व है, महाप्रभावक है। जो पुरुष श्रद्धा पूर्वक नित्य-नियमित इस महा- स्तोत्र का पाठ करता है उसके हृदय रूपी कमल की पांखुड़ियां प्रस्फुटित होने लगती हैं, उसमें दिव्य-प्रकाश की किरणें फूटने लगती है और उस आराधक के आध्यात्मिक विकास के पथ को प्रशस्त करने लगती हैं। आचार्य श्री शांतिसागर जी छाणी महाराज जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जीवनकाल से प्रेरणा लेनी चाहिए उनकी त्याग व तपस्या अतुल्यनीय थी वह उतर भारत में भ्रमण करने वाले प्रथम दिगम्बर जैन संत थे उनकी आगमकुल चर्या स्व व पर का कल्याण करने वाली थी।

# दिल्ली नगर निगम ने सदन में शोक प्रस्ताव ला दी पत्रकार आदर्श शर्मा को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



वर्षों से नगर निगम की कवरेज कर रहे वरिष्ठ पत्रकार आदर्श शर्मा के आकस्मिक निधन पर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में शोक की लहर दौड गई। सदन की बैठक में नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से शोक प्रस्ताव लाया गया। बैठक में शोक प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह और कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने पढा। इसके बाद सदन ने मौन रहकर आदर्श शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सिविक सेंटर के ग्राउंड फ्लोर पर पत्रकारों की ओर से आदर्श शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। हंसमुख और मजाकिया व्यक्तित्व के धनी रहे आदर्श शर्मा को सिविक सेंटर में हर तबके के लोगों ने याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता सदन मुकेश गोयल, नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल सहित पक्ष-प्रतिपक्ष के तमाम पार्षद, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी और निगम कर्मियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नेता सदन मुकेश गोयल का कहना रहा कि आदर्श शर्मा ने लंबे समय तक एमसीडी की रिपोर्टिंग की। इस दौरान जनहितैषी मुद्दों को अपनी कलम के जरिए जनता तक पहुंचाया है उनका यह योगदान भुलाया नहीं जाएगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष इकबाल का कहना रहा कि कोरोना काल में बीमार होने के बाद भी शर्मा ने हार नहीं मानी और जनता की समस्याओं को उठाते रहे। वहीं उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल का कहना रहा कि निगम में लंबे समय से कवरेज कर रहे आदर्श शर्मा निस्वार्थ भाव से लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। ऐसी पुण्य आत्मा को भुलाया नहीं जा सकता। वो हमेशा हमारी यादों में जिंदा रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शर्मा जी अपने परिवार में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे। उनके बाद उनकी धर्मपत्नी, उनके दो बच्चे है। अभी किसी की शादी नहीं हुई है। 1 बेटी प्राइवेट स्कूल में कार्यरत है, बेटा अभी प्राइवेट कॉलेज में अध्ययनरत हैं।

# देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है भाजपा ने : रोहित अग्रवाल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी देश को गुमराह करने में माहिर है। देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर सुधर का दावा कर इस पार्टी के नेता और मंत्री देश की जनता को लगातार गुमराह कर रहे हैं। जबकि असलियत यह है कि भाजपा की नीतियों की वजह से आज देश की अर्थव्यवस्था बदहाल है। यह कहना है आम आदमी पार्टी विश्वास नगर के वरिष्ठ नेता रोहित अग्रवाल का। रोहित अग्रवाल कहते हैं कहा कि विकसित देश बनाने का दावा करने वाली भाजपा की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देशवासियों पर तानाशाही रूप से जन विरोधी व गलत नीतियां बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद कर दिया है। रोहित अग्रवाल कहते हैं कि अमृतकाल में देश का आर्थिक मॉडल सुदृढ होने की बजाय चरमरा गया है। उन्होंने कहा कि 70 साल में 2014 तक जहां विदेशी कर्जा केवल 56 लाख करोड था उसे बढ़ा कर भाजपा सरकार ने दिसम्बर 2023 तक देश पर 200 लाख करोड़ से भी अधिक कर दिया जो चिंताजनक है और जीडीपी ग्रोथ से अधिक देश पर कर्ज की आई.एम.एफ. द्वारा चेतावनी भी देश पर आर्थिक संकट का संकेत है। रोहित अग्रवाल कहते हैं भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा तो देती है, लेकिन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। राजधानी में प्रतिदिन औसतन 5 बलात्कार की घटनाएं होना केंद्रीय गृह मंत्रालय की सुरक्षा व्यवस्था और दिल्ली की कानून व्यवस्था की स्थिति को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा का नारा बहुत हुआ महिलाओं पर अत्याचार, अबकी बार बीजेपी सरकार चुनाव जीतने के बाद पूरी तरह गलत साबित हो गया है क्योंकि भाजपा के 10 वर्षों के शासन में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के पिछले वर्ष हुए सर्वे अनुसार महिलाओं के प्रति अपराधों में 72.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# सफाई अभियान भी नहीं कर पा रहा दिल्ली को साफ : विनोद जायस

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के सफाई सिस्टम को देख क्या कोई कह सकता है कि दिल्ली में कोई सफाई अभियान चल रहा है। यह कहना है उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते हैं दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के एक साल बाद मेयर व सत्ताधारी नेताओं द्वारा अचानक सफाई अभियान शुरू करना कुंभकर्णी नींद से जागने और दिल्ली की जनता को गुमराह करने जैसा रहा है क्योंकि चुनाव से पूर्व किये वायदे कोरी घोषणा बनकर रहे गए। पिछले एक साल जो दिल्ली में जगह-जगह चाहें कालोनियां हो, बाजार हो, ग्रामीण क्षेत्र में गंदगी के ढेर लगे रहते है, तो दिल्ली की मेयर 50 दिन के अभियान में केवल गिने चुने वार्डों की कुछ सड़कों की सफाई से कैसे पूरी दिल्ली को साफ करने की दुहाई देती रही है। विनोद जायस कहते हैं कि स्वच्छ व्यवस्था और सफाई के मामले में दिल्ली सबसे निचले पायदान पर जिसके लिए दिल्ली नगर निगम और सफाई व्यवस्था से जुड़ी दिल्ली सरकार व केन्द्र सरकार की संस्थाएं भी जिम्मेदार है। विनोद जायस नें कहा कि दिल्ली की बदहाल सफाई व्यवस्था किसी से छिपी नही है, गलियों और सड़कों पर गड्ढे, उसके किनारे गंदगी, नाली व नालों का उपर तक बहना नगर निगम की विफलता को सीधे तौर पर दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सफाई का दिखावे का अभियान केवल नेताओं द्वारा फोटो खिचवाने तक और अपना प्रचार करवाने तक ही सीमित न रह जाए। विनोद जायस कहते हैं मेयर शैली ओबराय का यह दावा बेबुनियाद है कि वो 50 दिनों में दिल्ली को साफ कर देंगी। उन्होंने कहा कि जहां दिल्ली को बुनियादी सफाई रखने के लिए 50 हजार कर्मचारियों की भर्ती की जरुरत है, वहीं दिल्ली नगर निगम मात्र 6500 ठेकेदारी पर अस्थाई कर्मचारियों की भर्ती की योजना नाकाफी साबित होगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पहले अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करें और रेगुलर कर्मचारियों को पक्का करे, उसके बाद डेली वेजेस कर्मचारियों की भर्ती निगम की तरफ से करे।

# आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी का देश भक्ति से भरपूर कार्यक्रम वन्दे मातरम-आत्मनिर्भर भारत का सफल आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर सभागार में आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी द्वारा देश भक्ति से भरपूर एक संगीतमय कार्यक्रम वन्दे मातरम-आत्मनिर्भर भारत की ओर का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस देश भक्ति संगीतमय कार्यक्रम में देश की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियॉ जैसे आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, चिकित्सक, बॉलीवुड सिंगर, सामाजिक कार्यकर्ता, न्यायतंत्र आदि से जुडी हस्तिया विशेष रूप से शामिल हुई। जिसमे हिंदी फिल्मो के मशहूर विलेन स्वर्गीय अजीत साहब के बेटे फिल्म अभिनेता शहजाद खान, जॉइंट कमिश्नर विजय सिंह दिल्ली पुलिस, डीसीपीआनंद कुमार मिश्रा, संजय कुमार अम्बास्ता डिप्टी डायरेक्टर सूचना एवं प्रचार निदेशालय दिल्ली सरकार, हेमाँ गुरु जी नेदरलॅड्स, डीपी वालिया, सुनील डागर, राम मनोहर मिश्रा थाना प्रभारी सब्जी मंडी दिल्ली, तिहाड आईडल के सिंगर साजिद अली, ए प्लस डांस स्टूडियो, मास्टरमाइंड क्रो, सोनिया बिष्ट नेगी, योगेश यादव, नमन सहगल, गुलशन, प्रीति रावत, प्रवेश कुमार गौड़, एस सुनील, संजय अम्बस्ता, सावित्री, खुशबू, नूर हुसैन शामिल थे और सभी ने देश भक्ति गीतों को गाकर कार्यक्रम में समा बाधा। दि रिफार्म स्टूडियो के बच्चो ने देश भक्ति के गीतों पर डांस परफॉरमेंस की। इस अनूठे देश भक्ति संगीतमय कार्यक्रम के प्रस्तुतिकरण के पीछे आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी का बहुत ही नेक मकसद है। संस्था का मुख्य उद्देश्य नए बच्चो, नए टैलेंट को औ जेल से रिहा हुए केदियो को सिंगिंग और डांसिंग के जरिये एक प्लैटफॉर्म प्रदान औ उन्हें आत्म निर्भर बनाना भी था। कार्यक्रम के आयोजक एवं एनजीओ के अध्यक्ष नरेश बैसला का कहना है की हम अपनी संस्था ह्यआर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी के माध्यम से समय-समय पर ऐसे देश भक्ति और सोशल एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते है। यही वजह है की हमारे पिछले तीन बड़े कार्यक्रम संकलन-1, संकलन-2, औ बढ़ते कदम-एकता के प्रतीकह्व काफी लोकप्रिय रहे है। उनका कहना है की आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। पूरी दुनिया में आज भारत कि ताकत और प्रगति की ही चर्चा हो रही है जो हम सभी देश वासियो की लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का मकसद तेजी से आत्मनिर्भर होते भारत की सफलता को सेलिब्रेट करना भी है। औ साथ ही साथ संस्था का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि सभी क्षेत्र में कार्य करने वाले गवर्नमेंट ऑफिसर्स जो काफी तनाव में कार्य करते है उनका गीत-संगीत के माध्यम मनोरजन करना औ कुछ समय के लिए ही सही उन्हें तनाव मुक्त करना है, क्योंकि कहते है संगीत में हर तनाव को दूर करने की ताकत होती है।

# दिल्ली के एक वकील ने साकेत कोर्ट की इमारत से कूदकर दी जान

नई दिल्ली। 44 वर्षीय एक वकील ने दक्षिणी दिल्ली के साकेत कोर्ट परिसर में एक इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि उनके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मृतक की पहचान ओम प्रकाश शर्मा के रूप में हुई है, जो दो वर्षों से लीवर की बीमारी से पीड़ित था। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात 8 बजे सूचना मिली कि साकेत कोर्ट में एक वकील ने वकील के चैंबर से छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई, इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, वकील के चैंबर के पीछे पहुंचने पर शर्मा का शव ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में पड़ा मिला। पूछताछ में पता चला कि वह दो साल से लीवर की बीमारी से पीड़ित था। सोमवार को वह अस्पताल से पत्नी के साथ साकेत कोर्ट आए थे। उसने पत्नी को गेट पर छोड़ दिया और 30 मिनट बाद उसे घटना की जानकारी हुई।

# केजरीवाल ने अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम मामलों की सुनवाई के लिए नामित कोर्ट के गठन को दी मंजूरी

- दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की सहमति पर नामित न्यायालय किए जा रहे गठित
- प्रत्येक न्यायिक जिले में दो अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशों के नामित न्यायालय करेंगे कार्य

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने दिल्ली के हर जिले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की दो नामित कोर्ट के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, ताकि अनियमित जमा योजना के मामलों का निपटान जल्द से जल्द किया जा सके। प्रस्ताव को मंजूरी संसद द्वारा पारित अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम (अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम), 2019 की धारा 8 के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति पर दी गई है।

अब दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव की अधिसूचना जारी करने के लिए उपराज्यपाल (एलजी) को भेज दिया है। अनियमित जमा योजना निषेध अधिनियम, 2019 अनियमित जमा योजनाओं (व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में लिए गए जमाओं के अलावा) पर प्रतिबंध लगाने और जमाकताओं के हितों की रक्षा करने और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए एक व्यापक तंत्र प्रदान करने के लिए एक अधिनियम है।

यह जमाकताओं के हितों की करता है रक्षा अधिनियम के अनुसार, जमा का मतलब किसी जमाकर्ता द्वारा एडवांस, लोन या किसी अन्य रूप में प्राप्त धन राशि से है, चाहे उसका प्रतिफल लौटाने का वादा किसी निश्चित अवधि के बाद या नकद या वस्तु के रूप में या निर्दिष्ट सेवा के रूप में ब्याज, बोनस, लाभ या किसी अन्य रूप में किसी लाभ के साथ या उसके बिना हो।

इस तरह के जमा में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 में परिभाषित किसी बैंक या सहकारी बैंक या किसी अन्य बैंकिंग कंपनी से लोन के रूप में प्राप्त राशि, सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों या बीमा कंपनियों के साथ पंजीकृत किसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी से ऋण या वित्तीय सहायता के रूप में प्राप्त राशि, किसी व्यक्ति द्वारा अपने रिश्तेदारों से लोन के रूप में प्राप्त राशि या किसी फर्म द्वारा अपने किसी साझेदार के रिश्तेदारों से लोन के रूप में प्राप्त राशि या किसी संपत्ति की बिक्री पर विक्रेता से खरीदार द्वारा क्रेडिट के रूप में प्राप्त राशि आदि शामिल नहीं है।

अधिनियम के प्रारंभ की तारीख से कोई भी जमाकर्ता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी अनियमित जमा योजना के परिप्रेक्ष्य में भागीदारी या नामांकन के लिए विज्ञापन जारी करना, संचालन करना, प्रचार करना या जमा स्वीकार नहीं करेगा।

अधिनियम के अनुसार, निर्दिष्ट न्यायालय के अलावा किसी अन्य न्यायालय का क्षेत्राधिकार नहीं होगा, जिस मामले में इस अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं। इसके साथ ही इस अधिनियम के तहत किसी अपराध पर विचार करते समय या निर्दिष्ट न्यायालय इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य अपराध पर भी विचार कर सकता है, जिसके साथ आरोपी भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत उसी ट्रायल में आरोपित किया जा सकता है।

# चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार एक तमाचा : रामवीर सिंह बिधूड़ी

## आप-कांग्रेस गठबंधन के लिए सिर मुंडाते ही ओले पड़े



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा के महापौर की जीत पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी के तमाम छोटे-बड़े नेता कांग्रेस के साथ गठबंधन करके इस चुनाव को जीतना चाहते थे लेकिन अब उन्होंने अपना हश्र देख लिया है। इस गठबंधन की शुरूआत में ही सिर मुंडाते ओले पड़े हैं। अब यही स्थिति लोकसभा चुनावों में और अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में होगी। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे थे कि इस घमंडी गठबंधन की शुरूआत जीत से करेंगे और इस जीत की आवाज दूर तक सुनाई देगी लेकिन अब आम आदमी पार्टी को इस हार से सबक लेना पड़ेगा। ऊंचे-ऊंचे बोलकर हवा में उड़ने की उनकी आदत ने उन्हें जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच समझौता होने पर भी दोनों दलों की ऐसी ही स्थिति होने वाली है क्योंकि दोनों के नेता और कार्यकर्ता एक-दूसरे से बैर रखते हैं। वे न तो अपनी पार्टी के वोट ट्रांसफर करा पाएंगे और न ही दूसरे की जीत के लिए प्रयास कर पाएंगे बल्कि दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता एक-दूसरे को हराने के लिए काम करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज के हालात में ही यह स्थिति साफ हो रही है। आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि हम पांच राज्यों में समझौते के लिए बात कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस की तरफ से कहा जा रहा है कि सिर्फ दो राज्यों के लिए बात हो रही है। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की तरफ से न सिर्फ गुजरात में समझौते के बिना ही अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया जा रहा है तो पंजाब में सभी 13 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर दी गई है। ऐसी हालत में एकदम साफ है कि जो अभी से एक-दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं, वे चुनावों में कैसे एक-दूसरे को जिताएंगे। बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा इस बार लोकसभा चुनावों में 400 सीटों पर विजय हासिल करेगी और अगले साल होने वाला दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा इस ठगबंधन को करारी हार देगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 31 जनवरी, 2024

## कृतज्ञ राष्ट्र ने महात्मा गांधी को किया नमन

### प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू व अन्य पहुंचे राजघाट, अर्पित की श्रद्धांजलि

● प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा, मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 76वीं पुण्य तिथि आज (मंगलवार) कृतज्ञ राष्ट्र ने नमन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना और अन्य गणमान्य लोगों ने सुबह राजघाट पहुंच कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा, मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो देश के लिए शहीद हुए। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। अमित शाह ने कहा- गांधी जी के संदेश आज भी प्रासंगिक- सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देशवासियों के दिलों में स्वदेशी की भावना जगाने वाले महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। गांधी जी के शांति और सद्भाव के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं और उनके विचार देशवासियों को राष्ट्र के लिए त्याग व समर्पण की प्रेरणा देते रहेंगे। जेपी नड्डा बोले- बापू के आदर्श हमें प्रेरणा देते रहेंगे- सत्य व अहिंसा के पुजारी, स्वदेशी और स्वावलंबन से भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करता हूं। बापू के दिखाए मार्ग हर युग में प्रासंगिक हैं। उनके आदर्श व विचार सदैव हमें प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। हेमंत सरमा बोले- महात्मा गांधी के आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बापू को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पर पर लिखा कि बापू ने अपना जीवन निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी के जीवन की कहानी साहस और धार्मिकता से भरी थी। जब मैं उनके विचारों को याद करता हूं, मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो मां भारती की सेवा में शहीद हुए हैं।

## 75वें गणतंत्र दिवस की परेड में संस्कृति मंत्रालय की झांकी ने प्रथम पुरस्कार जीता

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




संस्कृति मंत्रालय की भारतः लोकतंत्र की जननी थीम वाली झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल झांकियों में प्रथम पुरस्कार मिला है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि झांकी में परंपरा और नवोन्मेष का मिश्रण था तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत झ जिसे अक्सर लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है को प्रदर्शित करने के लिए एनामॉर्फिक तकनीक के उत्कृष्ट उपयोग ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बयान के अनुसार, एनामॉर्फिक तकनीक (प्रतिकृति उकेरने की तकनीक) को हमारी प्रस्तुति में कुशलतापूर्वक अपनाया गया था। इस तकनीक ने इसे समकालीन बनाया जो हमारी संस्कृति की गतिशीलता को दशार्ता है। इसमें आधुनिकता के मेल ने पारंपरिक तत्वों को सहजता से अपनाया। हमने एक ऐसी झांकी बनाई जो कलात्मक कौशल और सांस्कृतिक झलक लेकर आई। मंत्रालय ने कहा कि उसे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है क्योंकि यह भारत के विविध रंगों को संरक्षित और उसका जश्न मनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## जब एक साथ दिखे दो बाबा रामदेव

● असली नकली पहचानना हो गया मुश्किल, न्यूयॉर्क में लग गई लोगों की भीड़

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



मैडम तुसाद ने भारत के योग गुरु, स्वामी (बाबा) रामदेव के सम्मान में उनकी मोम की प्रतिमा का अनावरण किया। बाबा रामदेव की यह नई मूर्ति न्यूयॉर्क सिटी में दुनिया के सबसे बड़े वैक्स म्यूजियम की शोभा बढ़ाएगी और दुनिया भर के प्रशंसकों को खुश होने का मौका देगी। मूर्ति के साथ फोटो ले सकते हैं प्रशंसक- विश्व प्रसिद्ध वैक्स म्यूजियम मैडम तुसाद न्यूयॉर्क ने आज जाने-माने योग गुरु स्वामी (बाबा) रामदेव की मोम की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में बाबा रामदेव स्वयं मौजूद थे। उनकी मोम की यह मूर्ति मैडम तुसाद न्यूयार्क में प्रशंसकों के लिए उपलब्ध है, जहां वे उनके साथ तस्वीरें खिंचवा सकते हैं एवं इंटरैक्ट कर सकते हैं। बाबा रामदेव को योग क्रियाओं के अपने प्रेरणादायक प्रयासों के लिये नए जमाने के यूथ आइडल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने सभी उम्र के लोगों को प्रभावित किया है और योग एवं प्रचीन आयुर्वेदिक उपचारों के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आयुर्वेद, बिजनेस और कृषि में उनके योगदानों को दुनिया भर के प्रशंसकों ने सराहा है। मोम की इस मूर्ति का अनावरण उनके प्रशंसकों के लिये एक तोहफा और योग गुरु बाबा रामदेव को एक सम्मान है। वे निरंतर लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मोम की उनकी प्रतिमा वर्तमान समय में उनके समर्थकों के अटूट विश्वास और भविष्य की प्रेरणा का प्रतीक है। बाबा रामदेव- वर्ष 2018 में मैडम तुसाद संग्रहालय में बाबा रामदेव गए थे। बाबा ने कहा कि पुतले पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि इसके बाल जैसे असली है। उन्होंने कहा कि यह योग, आध्यात्म और हमारी ज्ञान परंपरा को लेकर जिस तरह से विश्व आशा भरी निगाहों से देख रहा है, वह इसका प्रमाण है। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है।

## अब दिल्ली पुलिस के घेरे में सीएम केजरीवाल

### बीजेपी ने इस मामले को लेकर की कानूनी कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी के 7 से 21 तक विधायकों को प्रलोभन देकर तोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। भाजपा इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री पर पलटवार कर रही है। मुख्यमंत्री के आरोप को तथ्यहीन बताते हुए उन्हें साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी है। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के अन्य पदाधिकारी, सांसद व विधायक दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिलकर लिखित शिकायत की। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ ही दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, विधायक दुर्गेश पाठक व दिलीप पांडे पर झूठ बोलने का आरोप लगाकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बीजेपी ने आप को दी साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती- सचदेवा ने कहा की मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगियों के आरोप का भाजपा खंडन करने के साथ ही उन्हें साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी थी। साक्ष्य प्रस्तुत करने की बजाय मुख्यमंत्री व उनके सहयोगी चुपी साध गए। भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाना फिर चुप हो जाना या क्षमा मांग लेना केजरीवाल एवं उनके सहयोगियों की पुरानी आदत है। इस बार भाजपा ने उनकी झूठ को जनता के सामने लाने का निर्णय लिया है। इसके लिए पुलिस आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर जांच करने व कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। चुप नहीं बैठेगी भाजपा- रामवीर सिंह विधूड़ी-विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी ने कहा की केजरीवाल के इस झूठे आरोप पर भाजपा चुप नहीं बैठेगी। दिल्ली की जनता के बीच झूठ को उजागर करने के साथ ही भाजपा विधायक विधानसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में सांसद डॉ. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी, रमेश विधूड़ी, प्रवेश वर्मा व हंसराज हंस, विधायक विजेंद्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल बाजपेई, जितेंद्र महाजन व अभय वर्मा, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चांदोलिया व कमलजीत सहरावत सहित अन्य भाजपा नेता शामिल थे।

## दिल्लीः न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस, कुछ हिस्सों में छाया कोहरा

● वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार सुबह नौ बजे 364 (बहुत खराब) दर्ज किया गया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। यह सोमवार को 22.6 डिग्री सेल्सियस था। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में सुबह कोहरा छाया रहा। सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार सुबह नौ बजे 364 (बहुत खराब) दर्ज किया गया। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## दिल्ली के एलजी ने बच्चों से की बात, बोले- पीएम की सलाह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के दौरान बहुत उपयोगी होगी। प्रधानमंत्री के दिए टिप्स विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों, अभिभावकों और हर आम आदमी के लिए भी उपयोगी हैं। केवल स्कूल-कॉलेजों की चहारदीवारी के अंदर ही सीखना सीमित नहीं है, बल्कि जीवन की हर घटना हमें कुछ न कुछ सिखाती है। ये बातें उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरोजनी नगर स्थित एनडीएमसी के नवयुग स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण देखने के बाद कहीं। इस मौके पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री के परीक्षा और शिक्षा जैसे विषयों पर छात्रों के साथ लगातार बातचीत करने के हम आभारी है। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो छात्रों से संवाद करते हैं। उनका प्रत्येक विद्यार्थी और उनके माता-पिता को तनाव दूर करने का सुझाव देना काफी अच्छा कदम है। इसी तरह विद्यार्थियों को अपने तनाव को दूर करने के लिए परीक्षा की तैयारी के समय बीच-बीच में संगीत, खेल और अपने शोक को भी शामिल करने की सलाह बहुत ही अच्छी है। उपराज्यपाल ने नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों की एग्जाम वॉरियर विषय पर लगी प्रदर्शनी और प्रधानमंत्री की ह्यएग्जाम वॉरियर्सह्य पुस्तक में बताए गए मंत्रों से संबंधित पेंटिंग का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सदस्य कुलजीत सिंह चहल, सचिव कृष्ण मोहन भी उपस्थित थे। स्कूलों में मनाया जाएगा परीक्षा पर्व 6.0- प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा से प्रेरित होकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) छात्रों के साथ परीक्षा पर्व 6.0 मनाएगा। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी स्कूलों को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को परीक्षा से संबंधित तनाव से बचने के लिए सहायता करना और दबाव को कम करने के उपाय बताना है। साथ ही, अभिभावकों और शिक्षकों के दृष्टिकोण को बदलना और परीक्षा परिणाम से पहले उनकी चिंता को दूर करना है। निदेशालय ने बताया कि आयोग बच्चों के साथ परीक्षाओं का जश्न मनाने के लिए हर साल परीक्षा पर्व मनाता है। वहीं, इस पर्व को एनसीपीसीआर के सोशल मीडिया खातों और दूरदर्शन पर लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से दिखाया जाएगा। रेडियो स्पॉट और सोशल मीडिया अभियान भी शामिल है। ऑडियो-वीडियो के जरिये छात्र दे सकेंगे संदेश-आयोग परीक्षा पर्व 6.0 में परीक्षा संबंधी तनाव और चिंता के प्रबंधन पर छात्रों के ऑडियो-वीडियो संदेशों को बढ़ावा देती है। इसमें भाग लेने के लिए वे खुद पंजीकृत कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना वीडियो संदेश रिकॉर्ड करने के बाद आधिकारिक वेबसाइट http://parikshaparv.in पर अपलोड करना होगा। छात्रों के चयनित ऑडियो-वीडियो संदेशों को एनसीपीसीआर की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल पर भी डाला जाएगा।

## डिवाइडर पर चढ़ी अनियंत्रित कार, रेलिंग का सरिया सीने में धंसने से कारोबारी की मौत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



भारत नगर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात इनोवा कार संतुलन बिगड़ जाने से फ्लाईओवर के डिवाइडर पर चढ़ गई। इससे डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग का सरिया इनोवा चला रहे कारोबारी के सीने में धंस गया, जिससे उनकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। कारोबारी की पहचान 40 वर्षीय रंजन वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। डेरावल नगर में परिवार के साथ रहते थे रंजन वर्मा- उत्तरी-बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि रंजन वर्मा डेरावल नगर में परिवार के साथ रहते थे। रविवार की रात भरत नगर थाना क्षेत्र स्थित सत्यवादी फ्लाईओवर से नेताजी सुभाष प्लेस की ओर जा रहे थे। पुलिस को रात 12:11 बजे सत्यवती फ्लाईओवर पर हादसे की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने एक इनोवा कार को दुर्घटनाग्रस्त पाया। घायल राजन वर्मा को तुरंत एंबुलेंस से अशोक विहार स्थित दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ है।

## एनसीआर में कोहरे से ट्रेनों व गाड़ियों की रफ्तार थमी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली एनसीआर में कोहरे के अलावा ठंड और प्रदूषण का कहर जारी है। जहां दिल्ली समेत पूरा एनसीआर मंगलवार सुबह कोहरे की मोटी परत से ढका नजर आया। वहीं जमीन से लेकर आसमान तक कोहरे की वजह से रफ्तार थम गई। ट्रेनों से लेकर गाड़ियों और उड़ानों पर इसका असर दिख रहा है। यात्री खराब मौसम की वजह से परेशान हैं। दिल्ली समेत नोएडा और गाजियाबाद में भी कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा है। बीते सोमवार को दक्षिण-पूर्व दिशाओं से चली हवा व दिन में खिली धूप से पारा बढ़ गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## हेल्थ एक्सपर्ट बोले- गंभीर रोगों के इलाज के लिए सरकार के साथ संस्थाएं भी आएं आगे




नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

मेडिवेज फाउंडेशन की तरफ से आयोजित विशेष सेमिनार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बात पर संतोष जताया कि बीते दस सालों में हेल्थ सेक्टर में बहुत अच्छा काम हुआ है। गंभीर रोगों से लोगों को बचाने के लिए मोदी सरकार के स्तर न केवल योजनाएं शुरू की गई हैं, बल्कि जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गयी है। विशेषज्ञों ने कहा कि अभी सरकार के स्तर पर जितना काम करने की जरूरत है, उससे अधिक जरूरत गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा लोगों में जनजागरण पैदा करने की है। इस काम में मेडिवेज प्लस फाउंडेशन जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस सेमिनार में देश के जाने-माने स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसमें राज्यसभा सांसद और भाजपा के सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, देश के हृदय रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. के.के तलवार, मशहूर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनू वालिया, एसोसिएट्स ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के डायरेक्टर जनरल डॉ. गिरधर ज्ञानी, जीएलए के प्रो. चांसलर प्रो. दुर्ग सिंह चौहान, डॉ हरसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ नीलम गुप्ता, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा सिंह जाधव प्रमुख तौर पर मौजूद थे। मेडिवेज फाउंडेशन दिल्ली के ही दो नौजवान बृजेश श्रीवास्तव और अनुराग श्रीवास्तव द्वारा शुरू किया गया प्रयास है। यह फाउंडेशन मुख्य रूप से गरीब महिलाओं के बीच हेल्थ अवेयरनेस का काम करता है।

## क्रू मेंबर की हत्या में था शामिल

### पुलिस मुठभेड़ में शूटर नवीन शर्मा गिरफ्तार, कपिल मान गैंग के लिए करता है काम

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नोएडा में पुलिस और शूटर नवीन शर्मा के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने शूटर नवीन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। नवीन शर्मा गैंगस्टर कपिल मान गैंग का प्रमुख शूटर है। 2021 में उसे एक हत्या के मामले में कपिल के साथ जेल में डाल दिया गया था। वह लगभग एक साल पहले वह जेल से बाहर आया और गिरोह के लिए काम करना जारी रखा। वह कुख्यात काला जठेरी के लिए भी काम करता रहा है। नोएडा में क्रू मेंबर की हत्या में भी यह शामिल था। नोएडा के अतिरिक्त डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग सात बजे सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन के अधिकारी सेक्टर 43 और आसपास के इलाकों में गश्त पर थे। इस दौरान उन्होंने बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा और उसे रुकने का इशारा किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान वह घायल हो गया। बाद में उसकी पहचान दिल्ली के विजय विहार निवासी नवीन शर्मा के रूप में हुई। सेक्टर-104 में सूरज मान हत्याकांड के सिलसिले में उसकी तलाश थी और उस पर 25,000 रुपये का इनाम था। पूछताछ में शूटर नवीन शर्मा ने बताया कि उसने ही सूरज मान पर हमला करने वाले शूटरों के लिए इलाके की टोह ली थी और वह कपिल के निर्देश पर काम कर रहा था। हालांकि पुलिस ने उसे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्ताक कर लिया है और उसके कब्जे से कुछ गोला-बारूद, एक देशी पिस्तौल और एक बाइक जब्त की है। क्रू मेंबर की हत्या के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। वहीं, नोएडा पुलिस द्वारा तीसरी गिरफ्तारी है। क्रू मेंबर की हत्या- नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 104 हाजीपुर मार्केट में 19 जनवरी को एयर इंडिया के क्रू मेंबर पर फायरिंग की गई थी। कार के अंदर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। क्रू मेंबर सूरज मान मूलरूप से दिल्ली के रहने वाले थे। सूरज मान श्री प्लाजा में स्थित एनीटाइम फिटनेस जिम से वर्कआउट करके बाहर निकले थे। वह सड़क किनारे खड़ी कार में बैठकर केले खा रहे थे, तभी दो बाइक सवार पांच बदमाश पहुंचकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। सूरजमान की हत्या से पहले रेकी की गई थी और यह काम जेल में बंद गैंगस्टर कपिल मान के निर्देश पर किया गया। गैंगस्टर प्रवेश मान का भाई था सूरज मान- क्रू मेंबर सूरज मान गैंगस्टर प्रवेश मान का भाई था। प्रवेश मान दिल्ली की एक जेल में बंद है। सूरज यहां की पॉश लोटस पनाचे सोसायटी में किराएदार के रूप में रहता था। 19 जनवरी को जब वह जिम के बाद अपनी कार में बैठा था तो तीन लोगों ने उसे रोककर गोली मार दी थी। पुलिस ने इसे प्रवेश मान और कपिल मान के बीच आपसी झगड़े की वजह बताई थी। प्रवेश मान और कपिल मान दोनों ही दिल्ली के खीरी खुर्द गांव के रहने वाले हैं। लगभग 15 साल पहले प्रतिष्ठा के विवाद में इस दुश्मनी की शुरूआत हुई थी। गैंगवार में अब तक दोनों तरफ से पांच लोगों की जान जा चुकी है।

## 11वीं पास ने 5000 लोगों से करोड़ों ठगे

● दिल्ली सरकार के एकाउंटेंट को भी बनाया शिकार, इस तरह से करते थे जालसाजी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नालंदा निवासी 11वीं पास युवक ने देशभर के पांच हजार से ज्यादा लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए। वह और उसका गिरोह सस्ते दामों पर लोहे का सरिया, सीमेंट व अन्य बिल्डिंग मेटेरियल देने के नाम पर जालसाजी कर रहा था। दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरोह सरगना उदय कुमार को बिहार से गिरफ्तार किया है। पुलिस इस गिरोह के सदस्यों चंदौली के आदमपुर सरैया अमर पुर निवासी इकबाल अहमद व वाराणसी के महमूरगंज निवासी मोहम्मद कर्मे अजीम को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। महरौली निवासी विक्रम खट्टर दिल्ली सरकार में एकाउंटेंट हैं। उन्हें टीएमटी सरिया की जरूरत थी। इन्होंने गूगल पर सर्च किया तो एक पेज खुला। इस पर एक मोबाइल नंबर मिला। पीड़ित ने इस नंबर पर बात की तो आरोपियों ने टीएमटी सरिया सस्ते में देने का झांसा दिया। आरोपियों ने पीड़ित से 5,33,228 रुपये जमा करा लिए। इसके बाद आरोपी गूगल वाट्सएप एकाउंट बंद कर गायब हो गए। एकाउंटेंट की शिकायत पर मामला दर्जकर जिले के साइबर थानाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा की देखरेख में एसआई संजय सिंह, हवलदार महेंद्र सिंह, प्रदीप व राजकुमार झुंझुनूवाला की टीम ने जांच शुरू की। एसआई संजय सिंह की टीम ने उस बैंक खातों की डिटेल खंगाली, जिनमें ठगी की रकम गई थी। जांच में पता लगा कि आरोपी लखनऊ, यूपी से ठगी कर रहे हैं। इसके बाद एसआई संजय सिंह की टीम ने महमूरगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद कर्मे अजीम पुत्र कमाल महमूद और अमरपुर, सरैया, वाराणसी, आदमपुर, चंदौली, उ.प्र. निवासी इकबाल अहमद पुत्र मुख्तार अहमद को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसआई संजय सिंह की टीम ने गिरोह सरगना उदय कुमार की तलाश शुरू की। इस टीम ने कई दिनों तक और कई बार बिहार में दबिश दी। आखिरकार पुलिस टीम ने नालंदा, बिहार निवासी उदय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी पूरे देश में ठगी कर रहे थे। गूगल पर विज्ञापन देकर कर रहे थे ठगी- गिरोह सरगना उदय कुमार गूगल पर सीमेंट, लोहे के सरिए, पतंजलि आदि का ऐड देता था। वह और उसका गिरोह इन चीजों को मार्केट रेट से सस्ते में देने का झांसा देते थे। ये विज्ञापन में अपना मोबाइल नंबर देते थे। इन्होंने गूगल को पेमेंट देकर अपना विज्ञापन सबसे ऊपर करवा लेते थे। जैसे ही कोई पीड़ित इनको फोन करता था तो वह फोन उदय कुमार के पास जाता था। उदय पीड़ितों को अपने साथियों के नंबर दे देता था।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम सुव्रत कुमार सेन ने किया पदभार ग्रहण

मुजफ्फरपुर। नए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान डीएम प्रणव कुमार ने उन्हें डीएम का प्रभार सौंपा। इससे पहले नव पदस्थापित जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन का समाहरणालय परिसर में गार्ड आफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।

### प्रखण्ड प्रमुख कुमारी उषा को सम्मानित किया गया

मधुबनी खजौली गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय परेड के अवसर नई दिल्ली में केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा खजौली प्रखण्ड प्रमुख कुमारी उषा को सम्मानित किया गया है . प्रमुख कुमारी उषा ने नई दिल्ली से घर वापसी के बाद कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मुझे सम्मानित कर खजौली प्रखण्ड का नाम पुरे देश में रौशन हुआ है. मैं विशेष कर केन्द्र सरकार को राष्ट्रीय परेड में पंचायत प्रतिनिधियों को विशिष्ट अतिथि बनाने व सम्मानित किये जाने को लेकर धन्यवाद दिया है. इधर प्रखण्ड क्षेत्र के बुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किये जाने पर जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार भारती, उप प्रमुख गुलशन आरा, पंसस विकास कुमार, मनोज झा, रघुवीर गरेड़ी, रामनाथ पासवान, झोली पासवान, ललन कुमार, पप्पू कुमार, मो.लुकमान, श्रीनाथ नागमणि, समीना खातून, मंजू शोभित, देवकला देवी ने खुशी व्यक्त किया है.

### पॉक्सो कोर्ट ने सुनायी दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल वर्ष कठोर कारावास

समस्तीपुर पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश कैलाश जोशी के द्वारा मंगलवार को दुष्कर्म के एक आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास व 50 हजार रुपए का जुमार्ने की सजा सुनायी गई। साथ ही जुमार्ना नहीं देने पर छह माह अतरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान ललन सिंह के पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। मामले के सम्बन्ध में बताया गया कि विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में अहले सुबह शौच के लिए घर से निकली पीड़िता को पहले से घात लगाए आरोपियों के द्वारा पिस्तौल के बल पर एक चार चक्का वाहन में अपहरण कर बलात्कार व बेहोशी की हालत में पीड़िता को खेत में फेंक दिया गया था।

# महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर प्रार्थना का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




मुजफ्फरपुर।महात्मा गांधी के बलिदान की 76 वीं वर्षगांठ पर गांधी शांति प्रतिष्ठान के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना और भजन का आयोजन किया गया। इसमें शहर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और गांधीजनों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। लंगट सिंह कॉलेज के गांधी उद्यान में गांधी-प्रतिमा के निकट एकत्रित होकर गांधी को याद किया गया और उन्हें पुष्पांजलि दी गई। सर्वधर्म प्रार्थना की अगुवाई प्रतिष्ठान के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता रामबाबू भक्त ने किया। प्रार्थना के बाद गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेणे कहिए... का सामूहिक गायन हुआ। इसके अतिरिक्त शांति गीत भी गाए गए। इस मौके पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए गांधी शांति प्रतिष्ठान के संरक्षक और वरिष्ठ सर्वोदयी विचारक लक्ष्मणदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि दुनिया आज नए सिरे से गांधी को खोज रही है, दुनिया में नए सिरे से गांधी की पड़ताल हो रही है। यह मान्यता बहुत मजबूत हो रही है कि आज जहां हम हैं, उसके आगे यदि कोई रास्ता बचा है तो वह गांधी का रास्ता ही है। सत्य-अहिंसा-सद्भाव-सहयोग का गांधी सूत्र ही इस ग्रह के भविष्य की रक्षा कर सकता है।अपनी श्रद्धांजलि में एलएस कालेज के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो राजीव कुमार ने कहा कि अहिंसा और प्रेम का भाव कभी खंडित नहीं होता, यह सनातन है।महात्मा गांधी जैसे पुरुष जन्म नहीं लेते, ऐसे पुरुष अवतार लेते हैं। गांधी पार्थिव रूप से भले चले गए, लेकिन चेतना के रूप में हम सबके बीच हमेशा मौजूद हैं। पूर्व कुलपति प्रो प्रसून कुमार राय ने कहा कि गांधी के विचारों को हम सब अभी भी समझ नहीं पाए हैं। गांधी ने साफ कहा था कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा तब तक देश मजबूत नहीं होगा। आज के विकास में गांव लगातार पीछे छूटते जा रहे हैं। लेकिन, समाधान गांधी ही हैं।अपनी बात रखते हुए गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आजाद भारत में गांधी को सबने भुला दिया। सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन किसी ने गांधी को याद करने की जरूरत नहीं समझी। आज बाकी सारी विचारधाराएं विफल हो चुकी हैं, परंतु गांधी के विचारों का प्रयोग होना अभी बाकी है। समारोह का संचालन गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव अरविंद वरुण ने किया। प्रार्थना में शामिल लोगों में कार्यकारिणी सदस्य विनय प्रशांत, मधुमंगल ठाकुर, प्रो अनिल कुमार ओझा, अच्युतानंद किशोर ह्यनवीनह्न, संजीव साहू, अनिल कुमार, रमण कुमार, डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, उदयशंकर शाही, डॉ साकेत कुमार, सुरेश गुप्ता, डॉ खलीकुर रहमान, निशात पप्पू, राना देवीदयाल, मुकेश कुमार आदि प्रमुख थे।

# 24 कोरेक्स के साथ धंधेबाज हुआ गिरफ्तार




प्रात: किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। थाना सौर बाजार ओपी पतरघट क्षेत्र अंतर्गत पतरघट पीएचसी के निकट दिबा गस्ती में बैंक चेकिंग के दौरान पुलिस को कही से गुप्त सूचना मिली थी। जब पुलिस की गाड़ी को देखा तो लाल झोला लेकर भागने लगा सशत्र बल खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर लाल रंग के झोला से 24 बोतल विष्कफ सिरप कोरेक्स सिरप जिसका बेच नंबर 124003 अंकित प्रत्येक की मात्र 100`' जिसका कुल मात्रा 2.4 लीटर के साथ बरामद किया गया। विधिवत जप्ति किया गया। पुलिस गाड़ी देखने पर राह गिरो का भीर लग गई। बिपिन साह के पुत्र सूरज कुमार साकिम पतरघट वार्ड नंबर 5 के निवासी धंधेबाजी को गिरफ्तार कर लिया गया। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार किया। पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार सशत्र बल के सहयोग से अभियुक्त सूरज साह को गिरफ्तार किया अग्रतर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत सहरसा भेज दिया।

# नीतीश कुमार हैं अवसरवादी राजनीति के पुरोधा : भाकपा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विपक्षी एकजूटता को चुनाव के वक्त पर कमजोर कर नीतीश कुमार ने बिहार और देश के साथ विश्वासघात किया है तथा जननायक कपूरी ठाकुर की विरासत को कलंकित किया है। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मीनापुर अंचल परिषद् बैठक को पार्टी कार्यालय में संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कही। इन्होंने कहा कि फांसीवादी तथा साम्प्रदायिक आरएसएस-भाजपा से गठजोड़ कर नीतीश कुमार ने समाजवादी विचारधारा को तिलांजलि दी है। बिहार की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में घोर अवसरवादी ताकतों को सबक सिखाकर करारा जवाब देगी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जनकधारी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि गांधी के हत्यारे देश में कॉरपोरेट सांप्रदायिक फासीवादी हिन्दूराज कायम कर देश के संविधान और लोकतंत्र को ताड़-ताड़ कर रहा है। इन्होंने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के मौके पर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया भिखारी प्रसाद यादव ने की। बैठक में वर्ष 2024 के सदस्यता नवीकरण का समारोहपूर्वक समापन किया गया। बैठक को अंचल सचिव शिवजी प्रसाद, पूर्व मुखिया जगदीश प्रसाद गुप्ता, राम एकबाली राय, जनक ठाकुर , रामचंद्र झा, संजय कुमार , दरोगा प्रसाद , रहमान अंसारी, नगीना प्रसाद , जंगीलाल प्रसाद, जगदीश शर्मा, योगेन्द्र प्रसाद, अयोध्या प्रसाद आदि पार्टी नेता संबोधित किए।

# युग प्रवर्तक रचनाकार हैं जयशंकर प्रसाद : चंद्रभूषण




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जयशंकर प्रसाद आधुनिक हिन्दी साहित्य के एक युगप्रवर्तक लेखक थे। इनकी रचनाओं में इतिहास व कल्पना का अद्भुत संगम है। ये प्रेम और सौंदर्य के कवि हैं। छायावाद के ब्रह्मा कहे जाने वाले जयशंकर प्रसाद ने कविता, नाटक, कहानी और उपन्यास के क्षेत्र में हिंदी को गौरवान्वित होने योग्य कृतियाँ दीं। कवि के रूप में वे निराला, पन्त, महादेवी के साथ छायावाद के प्रमुख स्तम्भ के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। उक्त बातें नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने साहित्य भवन कांटी में मंगलवार को आयोजित जयशंकर प्रसाद की जयंती समारोह में कही। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रसाद की रचनाओं में जीवन का विशाल क्षेत्र समाहित हुआ है। प्रेम, सौन्दर्य, देश-प्रेम, रहस्यानुभूति, दर्शन, प्रकृति चित्रण और धर्म आदि विविध विषयों को अभिनव और आकर्षक भंगिमा के साथ आपने काव्यप्रेमियों के सम्मुख प्रस्तुत किया है। परशुराम सिंह ने कहा कि जयशंकर प्रसाद नाटक लेखन में भारतेन्दु के बाद एक अलग धारा बहाने वाले युगप्रवर्तक नाटककार रहे। चंद्रकिशोर चौबे ने कहा कि जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ ऐसी हैं जिनमें आदि से अंत तक भारतीय संस्कृति एवं आदर्शों की रक्षा का सफल प्रयास किया गया है। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि कामायनी में प्रसाद ने प्रेम व यौवन के साथ सामाजिक,दार्शनिक व मनोवैज्ञानिक स्थितियों का अद्भुत चित्रण किया है। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने जयशंकर प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में मनोज मिश्र,राकेश कुमार राय,रोहित रंजन,वसंत शांडिल्य, दिलजीत गुप्ता,प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

# उत्तर बिहार में अगले 2 फरवरी के आसपास हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 31जनवरी से 4फरवरी तक के लिए मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले 2फरवरी के आसपास उत्तर बिहार के जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की सम्भावना है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 187 एवं 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्दता प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 62 प्रतिशत, हवा की औसत गति 3.5 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाचन 10 मिनी तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 3.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 सेमी की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 119 एवं दोपहर में 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में कहीं कम तो कहीं घना कुहासा देखा गया। 31 जनवरी से 4 फरवरीतक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर बिहार में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छायें रह सकते है। 2 फरवरी केआसपास उत्तर बिहार के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदाबांदी की संभावना है। अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने काअनुमान है। अगले 2 दिनों तक पूत्वा तथा उसके बाद पछिया हवा औसतन 3 से 5 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने कीसंभावना है। 31 जनवरी के सुबह में घना कुहासा छाए रहने का अनुमान है।सापेक्ष आर्दता सुबह में करीब 90 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सुझाव दिया गया है कि 2 फरवरी के आसपास मौसम की सम्भावना को देखते हुए किसानो को सलाह दी गई है कि हल्दी एवं ओल की खुदाई सावधानीपूर्वक करें। पिछाल आलू की फसल में टर्म या कजरा पिल्लू की निगरानी करें।

# गांधी जी के वास्ते,भगत सिंह के रास्ते, विषयक विचार गोष्ठी आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मानसी। देश बचाओ अभियान एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले गांधी जी के वास्ते, शहीदे आजम भगत सिंह के रास्ते, नारों के साथ महात्मा गांधी का 76 वां शहादत दिवस मानसी महासंघ के कार्यालय परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर गांधी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया गया। इस अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह के भांजा प्रोफेसर डॉक्टर जगमोहन सिंह का भव्य स्वागत किया गया एवं पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। इस अवसर पर गांधी जी के वास्ते, शहीदेआजम भगत सिंह के रास्ते, विषयक विचार गोष्ठी को विधिवत उद्घाटन करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर प्रोफेसर जगमोहन सिंह ने कहा कि गांधी जी के करो और मरो तथा भगत सिंह के इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद मुदार्बाद के नारों को बुलंद करते हुए कहा कि गांधी जी का सत्य अहिंसा परमो धरमो, माननीय मूल्यों, संवेदनाओं, नैतिकता एवं ईमानदारी पर आधारित है। आज देश दुनिया की स्थिति परिस्थिति, दिशा एवं दशा तय करने के लिए गांधी जी के वास्ते, भगत सिंह के रास्ते, डॉक्टर अंबेडकर के संविधान व अधिकारों को धरातल पर उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि खेती जमीन शिक्षा रोजगार संविधान लोकतंत्र बचाने की जरूरत है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह के भांजे का सेवा स्वागत करने मिलने का सौभाग्य गौरवपूर्ण है। अध्यक्षीय संबोधन में अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि प्रोफेसर डॉक्टर जगमोहन सिंह सुपौल में कोशी नव निर्माण मंच द्वारा आयोजित पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने एवं गांधी मैदान सुपौल में सत्याग्रह पदयात्रा सभा को संबोधित करने जाने के क्रम में खगड़िया जिला मानसी में रुकने का मौका मिला जो गर्व की बात है। उन्होंने गांधी एवं भगत सिंह के जीवनी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शंकर यादव मंचन यादव सच्चिदानंद यादव देवानंद शाह डॉक्टर मंतोष कुमार डॉक्टर संतोष कुमार पूर्व पंसस गायत्री देवी अमरेंद्र यादव अखिलेश यादव आनंद यादव राजशेखर सिंह अजय कुमार आदि ने किसान मजदूर छात्र नौजवान के अधिकारों को लेकर आंदोलन तेज करने पर संकल लिया।

# विभिन्न मांगों को लेकर एआईएसएफ ने विश्वविद्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन बिहार विश्वविद्यालय इकाई द्वारा महात्मा गांधी के शहादत दिवस के मौके पर लंगट सिंह कॉलेज मुज्जफ्फरपुर में स्थित महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए वि वि सहसंयोजक अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि 30 जनवरी का दिन स्वतंत्र भारत में काला दिवस के रूप में दर्ज हैं। इसी दिन देश का प्रथम आतंकवादी नाथूराम गोडसे ने गांधी की हत्या की थी। गांधी समाजिक सौहार्द के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि एआईएसएफ आज भी गांधी के सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध हैं।जिला अध्यक्ष महिपाल ओझा ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार उच्च शिक्षा पर हमला कर रही है और शिक्षक संस्थानों को भगवाकरण करने की साजिश पिछले दस सालों से कर रही है। ठेके पर प्राध्यापकों की बहाली की बात हो या शोधार्थियों के वजीफे पर सरकार की चुप्पी , विश्वविद्यालय को ऐसे सभी अराजक फैसलों की हम भर्त्सना करते हैं।इसके बाद छात्रों का मार्च विश्वविद्यालय पहुंचकर धरना स्थल पर एक सभा में तब्आदील हो गया जिसकी अध्यक्षता प्रकाश यादव एवं संचालन विकाश कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव कंचन विद्रोही ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा एससी-एसटी छात्रों और छात्राओं के निःशुल्क नामांकन के सरकारी फैसलों और माननीय उच्च न्यायालय को भी ठेंगा दिखाते रहा हैं वहीं प्रकाश यादव ने कहा कि छात्रों के रिजल्ट पेंडिंग कर छात्रों से अवैध वसुली का खेल धरल्ले से चल रहा है उसी की मुखालफत में आज का प्रर्दशन है अगर विवि प्रशासन इस पर अविलंब नहीं सोचती हैं तो एआईएसएफ व्यापक छात्र आंदोलन को बाध्य होगी। शम्स रजा ने कहा कि विश्वविद्यालय में जितने विषयों में स्नातक की पढाई की व्यवस्था है उन सभी विषयों में स्नातकोत्तर की पढाई की व्यवस्था विश्वविद्यालय कैंपस में हो वहीं अविनाश कुमार ने कहा कि विवि में शैक्षणिक और लोकतांत्रिक माहौल कायम करने के उद्देश्य से लंबे समय से बंद छात्र संघ चुनाव कराया जाए और एंटी रैगिंग सेल को दुरुस्त किया जाए।मौके पर विकास कुमार, गौरव कुमार,अमरनाथ कुमार,आदर्श रंजन,दीपक राज,अनामिका कुमारी,दीप्ती सिंह आदि ने भी संबोधित किया।जिसके बाद छात्र-छात्राओं से जुड़े 26 सूत्री मांग पत्र विश्वविद्यालय को सौंपा गया।

# पहाड़पुर मध्य विद्यालय में प्रधानाचार्य ने दिया योगदान

प्रात: किरण संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। प्रखंड के सकड़ा-पहाड़पुर पंचायत के मध्य विद्यालय पहाड़पुर स्थित मंगलवार को प्रधानाचार्य के रूप में विरेन्द्र कुमार यादव ने योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य सहित अन्य शिक्षक व मुखिया प्रतिनिधि ने नये प्रधानाचार्य का स्वागत फुल माला पहना व पुष्प गुच्छ देकर किया। प्रधानाचार्य विरेन्द्र कुमार यादव इससे पूर्व मध्य विद्यालय महेशपुर सौर बाजार में कार्यरत थे। इस विद्यालय में लगभग एक वर्ष से प्रधानाचार्य पद रिक्त रहने से सहायक शिक्षक मो मुमताज आलम प्रधानाचार्य का पद समाल रहे थे। मौके पर नव पदस्थापित प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन एवं विद्यालय विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। प्रांत एवं विद्यालय ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ यहा का पदभार दिया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और विद्यालय के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने कहा विद्यालय में भविष्य की शिक्षा को सशक्त बनाने में प्रधानाध्यापक का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय शिक्षा के समग्र विकास में प्रधानाध्यापक का एक अद्वितीय स्थान होता है, क्योंकि वो छात्र- शिक्षक, शिक्षक-अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिका आदि के केंद्र में होते हैं। एक विद्यालय एक समाज का सूक्ष्म प्रतिबिंब होता है, जहां प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में शिक्षक, छात्र एवं विद्यालय से जुड़े अन्यान्य की क्षमता उजागर होती है। वही मोके पर संदीप कुमार एचएम खजूरी, रणवीर कुमार शारीरिक शिक्षक, अमरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, हरिराम यादव, राधा बैठा, शंभू कुमार पाल, राजेंद्र सादा, नवीन कुमार, राजेश रंजन, अरुण पासवान, गजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। जिलाधिकारी सहरसा वैभव चौधरी द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र(ऊफ़उउ) का स्थलीय निरीक्षण किया गया।जिलापदाधिकारी ने घूम-घूमकर डी आर सी सी का मुआयना किया और प्रबंधक तथा सहायक प्रबंधक को आवश्यक निदेश दिया।जिलाधिकारी सबसे पहले आधार एनरोलमेंट व सुधार काउंटर पर गए जहाँ उपस्थित लोगों से जानकारी ली।उपस्थित लोगों से कर्मियों द्वारा नाजायज पैसे की मांग की भी जानकारी ली।उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों से कार्य कराने के लिए बांछित कागजातों के बारे में भी पूछा।जिलापदाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड्स के लिए आये बच्चों से भी पुछताछ किया तथा जानने की कोशिश की कि उन्हें अनावश्यक परेशान तो नहीं किया जा रहा? एक छात्रा के द्वारा संस्थान जिसमे वो पढ़ाई कर रही थी से वापसी पैसे के भुगतान में हो रही देरी की जानकारी दी।जिलापदाधिकारी ने पत्राचार शीघ्र करने का निदेश दिया।जिलाधिकारी ने हॉल का जायजा लिया जहाँ संस्थापित बल्ब,पंखे,अग्निशमन यंत्र व साफ-सफाई को दुरुस्त करने का निदेश दिया।अग्निशमन यंत्र को चेक करवाकर अद्यतन प्रमाण-पत्र लेने के निदेश दिए गए।जिलापदाधिकारी ने कुशल युवा प्रोग्राम की जानकारी वहाँ उपस्थित छात्र/छात्राओं को दिया।सी सी टी वी के खराब कैमरे को बदलने के निदेश दिए गए। एयर कंडीशनर के लूज वायरिंग को ठीक कराने,माइक को कार्यशील बनाने तथा शौचालय की साफ-सफाई व रिपेयर कराने के निदेश दिए गए।जिलापदाधिकारी ने बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम शाखा का भी निरीक्षण किया जहाँ कुल 105 लोगों पर निलामपत्र वाद चलाने की जानकारी दी गयी।उन्होंने निलामबाद पत्र के तामिले की जानकारी भी कर्मियों से ली और आवश्यक निदेश दिया।सभी योजनाओं के पुराने आवेदनों के रखे कक्ष का भी जायजा लिया गया।आगामी गर्मी माह के मद्दे नजर पेयजल हेतु उचित क्षमता के फिल्टर व वाटर फ्रीज लगाने के निदेश दिए गए।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 160 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **12.02.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | Polishing of Furniture and Other's at Main Building Vidhan Sabha, Patna for the year 2023-24. |
| 02- | Polishing of Furniture and Other Wooden Item at Central Hall Bistarit Bhawan Bihar Vidhan Mandal, Patna for the year 2023-24. |

1.विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 16233 ( B C D ) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है



बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय

उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 7 वर्ष– 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्म/कंपनी से दिनांक 08.02.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक निदेशानुसार आपूर्ति कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन 1:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायगा।

PR. No. 016107 (BCD) 2023-24

कार्यपालक पदाधिकारी
उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1
भवन निर्माण विभाग, पटना

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–63 वर्ष 2023–24

(केवल ई–टेन्डरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.inपर)

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–07.02. 2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा क्रम संख्या–3 पर वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Supply of Furniture (Executive Type Table) in the Office of Electrical Executive Engineer, EWD No-1,BCD, Patna | 7 Days |
| 2 | Supply of (ISO Mark) Desktop Computer with all accessories for Office of the Electrical Executive Engineer, EWD No-1, BCD, Patna | 7 Days |
| 3 | Day to Day Operation & Maintenance of Electrical equipment in three shift 01 No. Skilled Technician & 01 No. Unskilled Technician in each shift in each building at Bihar Bhawan & Bihar Niwas, New Delhi. | One Year |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 016077 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार




## संक्षिप्त समाचार

### जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ : कुमार मंगलम बिड़ला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज बिजनेसमैन और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी है जिसके बाद उनका बयान वायरल हो गया है। भारतीय इकोनॉमी की तारीफ करते हुए कुमार मंगलम बिड़ला ने भारतीय अर्थव्यवस्था की सराहना वायरल मीम जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ... के जरिए की है। अपने नए साल के संदेश में उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जहां पूरी दुनिया की इकोनॉमी अलग-अलग कारणों से कई तरह की परेशानियों में फंसी है, वहीं भारत ने इस दौरान एक शानदार उदाहरण पेश किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जताते हुए कहा कि भारत एक युवा और ऊर्जावान देश है। मौजूदा वक्त में भारत को अपनी आवाज मिल गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब कोई देश तरक्की करता है तो उस देश के लोग अलग तरह की गर्व और सकारात्मकता महसूस करते हैं। इस सकारात्मकता को मापने के लिए एक पैमाना होना चाहिए जिसे नेशनल कॉन्फिडेंस इंडेक्स कहा जा सकता है। केंद्र की मोदी सरकार की जमकर तारीफ करते हुए बिड़ला ने कहा कि देश की इकोनॉमी की मौजूदा रफ्तार को बनाए रखने और इसे आगे बढ़ाने में सरकार को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में यह भाव है कि देश प्रगति कर रहा है और देश अब स्वाभिमान, आशा और संभावनाओं से भरा हुआ है। यह आशा पैदा करने में सरकार का बहुत बड़ा रोल है जिसके लिए उसे श्रेय मिलना ही चाहिए।

### दिसंबर तिमाही में गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 10 गुना के उछाल के साथ 2,842.62 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 10 गुना उछलकर 2,842.62 करोड़ रुपए हो गया। गेल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि गैस परिवहन से लेकर पेट्रोरसायन तक सभी कारोबार क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से उसके शुद्ध लाभ में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 245.73 करोड़ रुपए था। वहीं जुलाई-सितंबर, 2023 की तिमाही में इसका लाभ 2,404.89 करोड़ रुपए था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 34,253.52 करोड़ रुपए पर लगभग स्थिर बना रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 6,659.51 करोड़ रुपए हो गया जबकि इसका राजस्व 98,303.61 करोड़ रुपए रहा।

# 92 साल अलग-अलग पेश किया गया रेल और आम बजट; मोदी सरकार ने 2016 में किया विलय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहले संसद में दो बजट पेश किए जाते थे एक रेल बजट और दूसरा आम बजट। भारत सरकार ने 21 सितंबर 2016 को आम बजट के साथ रेल बजट के विलय को मंजूरी दे दी। उस समय वित्त मंत्री अरुण जेटली थे। उन्होंने 1 फरवरी, 2017 को आजाद भारत का पहला संयुक्त बजट संसद में पेश किया गया। इसके साथ ही 92 सालों से चली आ रही परंपरा खत्म हो गई।

रेलवे के लिए अलग बजट की प्रथा 1924 में शुरू हुई थी। यह फैसला एकवर्थ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था, पर 2017 से रेल बजट आम बजट के साथ ही पेश किया जाने लगा। 1921 में ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी के चेयरमैन सर विलियम एक्वर्थ रेलवे को एक बेहतर मैनेजमेंट सिस्टम में लाए थे। इसके बाद उन्होंने 1924 में इसे आम बजट से अलग पेश करने का फैसला किया तब से लेकर साल 2016 तक यह अलग-अलग पेश किया जाता रहा।

वर्ष 1947 में जब भारत आज़ाद हुआ तब भी रेलवे से होने वाली राजस्व की प्राप्ति आम राजस्व प्राप्तियों से 6 प्रतिशत अधिक थी7 तब सर गोपालस्वामी आयंगर समिति ने यह सिफारिश दी थी कि अलग रेलवे बजट की यह परम्परा जारी रहनी चाहिए। इस आशय के संबंध में 21 दिसंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा एक प्रस्ताव अनुमोदित किया गया था। गौरतलब है कि इस अनुमोदन के अनुसार 1950-51 से लेकर अगले पांच साल तक की अवधि के लिये ही रेलवे बजट को अलग पेश किया जाना था। लेकिन यह परम्परा 2016 तक जारी रही। धीरे-धीरे रेलवे के राजस्व में कमी आने लगी और 70 के दशक में रेलवे बजट सम्पूर्ण राजस्व प्राप्तियों का 30 प्रतिशत ही रह गया और 2015-16 में



रेलवे का राजस्व कुल राजस्व का 11.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। उसके बाद विशेषज्ञों ने अलग रेलवे बजट को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इसके बाद सरकार ने रेल बजट और आम बजट का विलय कर दिया।

वित्तीय वर्ष 2000-01 का बजट तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने पेश किया था। इसे देश का मिलेनियम बजट के नाम से जाना जाता है। यह 21वीं सदी का पहला बजट था। इस बजट में की गई घोषणाओं के कारण देश के आईटी सेक्टर में क्रांति आई।

पहले देश का केंद्रीय बजट सदन में शाम पांच बजे से पेश किया जाता था। शाम पांच बजे बजट पेश करने का कारण यह था कि उस समय ब्रिटेन में 11.30 बज रहे होते थे। ब्रिटिश सरकार की तरफ से शुरू की गई परंपरा को आजादी के बाद भी निभाया जाता रहा। यशवंत सिन्हा ने 2001 में इसमें बदलाव किया। आगे चलकर मोदी सरकार ने हर साल 28 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को एक फरवरी को पेश करना शुरू किया।

कोविड संकट के कारण वर्ष 2021 के बजट में एक और अहम बदलाव किया गया। यह बजट देश का पहला पेपरलेस बजट था। इसकी सभी प्रतियों को डिजिटली स्टोर किया गया था। उसके बाद 2022 का बजट भी पेपरलेस बजट था। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में एक और बदलाव किया। उन्होंने बजट से जुड़े दस्तावेज कैरी करने के लिए ब्रीफकेस का इस्तेमाल बंद कर दिया। अब वे बही-खाता जैसी दिखने वाली बैग में बजट से जुड़े दस्तावेज कैरी करती दिखतीं हैं।

## भारतीय टूरिस्ट्स से मोटी कमाई कर रहा था मालदीव, पीएम मोदी ने एक झटके में खत्म कर दिया खेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और मालदीव के संबंधों में पिछले कुछ दिनों से तनातनी चल रही है। इससे मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट आई है। मालदीव सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन हफ्ते में देश की टूरिज्म रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर चला गया है। पिछले लगातार तीन साल मालदीव जाने वाले पर्यटकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा थी। लेकिन 28 जनवरी के आंकड़ों के मुताबिक भारत की हिस्सेदारी महज आठ फीसदी रह गई है। इस रैंकिंग में रूस पहले, इटली दूसरे, चीन तीसरे, यूके चौथे और भारत पांचवें नंबर है। पिछले तीन हफ्ते के दौरान 13,989 भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे। भारत और मालदीव के बीच तनाव की शुरुआत तब हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## पॉलिकैब इंडिया ने तीसरी तिमाही और नौ महीने के परिणामों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड (बीएसईः 542652, एनएसईः पॉलीकैब) ने आज 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के परिणामों की घोषणा की। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री इंदर टी. जयसिंघानी ने कहा- हमारी मजबूत व्यावसायिक गति तीसरी तिमाही में भी जारी रही, जिससे कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व प्राप्त हुआ। नौ महीने के आधार पर भी राजस्व और लाभप्रदता ने भी नई ऊंचाईयां बनाईं। यह उत्कृष्ट सफलता हमारे लचीले व्यवसाय मॉडल का प्रमाण है, जो मजबूत परिचालन दक्षता की विशेषता है। एक विविध और नवोन्मेषी उत्पाद पोर्टफोलियो, और हमारे व्यापक वितरण नेटवर्क की मजबूती जो विभिन्न बाजार क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पूरा करती है। उभरते रुझानों पर गहरी नजर रखने के साथ, पॉलिकैबका लक्ष्य हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाते हुए, अपने उत्थान पथ को जारी रखना है।

# 2030 तक सात ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी इकॉनमी, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा वित्त वर्ष में इंडिया का जीडीपी 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और साल 2030 तक अर्थव्यवस्था 7 लाख करोड़ डॉलर की हो सकती है। यह अनुमान जताया है फाइनैंस मिनिस्ट्री ने। अंतरिम बजट से पहले पिछले 10 वर्षों की प्रगति, मौजूदा चुनौतियों और आने वाले वर्षों में इकॉनमी की दिशा का खाका पेश करते हुए मंत्रालय ने एक दस्तावेज 'द इंडियन इकॉनमी- अ रिव्यू' जारी किया। मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से जारी रिव्यू की प्रस्तावना में फाइनैंस मिनिस्ट्री के चीफ इकनॉमिक एडवाइजर वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि इस बात की काफी संभावना है कि इंडियन इकॉनमी स्न्न्ङ्ग24 में 7 प्रतिशत या इससे अधिक की ग्रोथ रेट दर्ज करेगी। कुछ लोग स्न्न्ङ्ग25 में भी 7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगा रहे हैं। अगले वित्त वर्ष में ऐसा हुआ तो कोविड महामारी के बाद इकॉनमी के 7 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज करने का लगातार चौथा साल होगा। इससे पता चलता है कि इंडियन इकॉनमी में कितना दमखम है। यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है।' दस्तावेज में कहा गया है कि अगले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर (लाख करोड़ डॉलर) के जीडीपी के साथ भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी इकॉनमी बनने की उम्मीद है। हालांकि सरकार ने साल 2047 तक विकसित देश बनने का कहीं ज्यादा बड़ा लक्ष्य



रखा है। आर्थिक सुधारों के जारी रहने से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वित्त वर्ष 2025 में रियल जीडीपी ग्रोथ 7 प्रतिशत के करीब रह सकती है। साल 2030 तक ग्रोथ रेट 7 पर्सेंट से ज्यादा रहने की काफी संभावना है।

रिव्यू में कहा गया, 'आने वाले दिनों में दुनिया के कई हिस्सों में टकराव बढ़ने का खतरा ही अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का एकमात्र विषय है।' चीफ इकनॉमिक अडवाइजर ने लिखा, 'ग्लोबल इकॉनमी कोविड के बाद अपनी रिकवरी बनाए रखने में जूझ रही है क्योंकि एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। इनमें से सप्लाई चेन में बाधा पड़ने जैसी दिक्कतें 2024 में फिर उभर आईं। अगर ये बनी रहीं, तो इससे व्यापार, ढुलाई लागत, आर्थिक उत्पादन और महंगाई के मामले में पूरी दुनिया में असर पड़ेगा। भारत इससे अछूता नहीं रहेगा, लेकिन यह इन चुनौतियों से भी निपट लेगा, इसका पूरा भरोसा है।' साल 2047 तक विकसित देशों की कतार में पहुंचने के लिए जीडीपी ग्रोथ 7 प्रतिशत से ज्यादा बनाए रखनी होगी। इसके लिए पढ़ाई-लिखाई के बेहतर इंतजाम करने होंगे, स्किल डिवेलपमेंट पर जोर बढ़ाना होगा, हर साल वर्कफोर्स में शामिल होने वाले करीब एक करोड़ लोगों के लिए रोजगार के अधिक मौके बनाने होंगे, ज्यादा जॉब्स देने वाले छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा और तमाम कायदे-कानूनों में कमी लाकर उन्हें सरल बनाना होगा ताकि बिजनस की सहूलियत बढ़ सके।

# स्मार्ट कपड़ों को देख शार्क टैंक के जज रह गए दंग, इनशॉर्ट्स के फाउंडर ने कर दिया तगड़ा निवेश

## स्टार्टअप टर्म्स के कपड़े अजहर को काफी पसंद आए हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के तीसरे सीजन की शुरुआत हो चुकी है। इस बार शार्क टैंक इंडिया में मीडिया स्टार्टअप इनशॉर्ट्स के फाउंडर अजहर इकबाल भी शामिल हुए हैं। इनशार्ट्स अभी करीब 4500 करोड़ रुपये के वैल्यूएशन वाला स्टार्टअप है। शार्क टैंक इंडिया के तीसरे सीजन के चौथे एपिसोड में एक स्टार्टअप अजहर इकबाल को इतना पसंद आया कि उन्होंने इसमें तुरंत निवेश कर दिया। इस स्टार्टअप की कहानी काफी खास है। स्टार्टअप का नाम टर्म्स है। इस कंपनी के प्रोडक्ट एक ग्राहक को इतने पसंद आए कि उसने इसे खरीद लिया। अब इस कंपनी का मालिक बदल चुका है। इस स्टॉर्टअप के शुरुआती दौर में पीयूष बंसल ने इसमें निवेश किया था। लेकिन उनके सारे पैसे डूब गए थे। इस कंपनी के कपड़ों की खास बात ये है कि इसमें न कोई दाग लगता है और न ही इसमें से कोई बदबू आती है। कंपनी ने कपड़ों में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया है। इन कपड़ों पर पानी बिलकुल भी ठहरता नहीं है।

टर्म्स कंपनी को सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने खरीदा है। सुरेंद्र के मुताबिक, वह साल 2018 में इस कंपनी के मालिक थे। इस कंपनी के कपड़े उन्हें इतने पसंद आए कि उन्होंने इसे खरीदने का प्लान बना लिया। साल 2022 में उन्होंने अपनी नौकरी छोड़कर इस स्टार्टअप को 15 करोड़ रुपये की वैल्युएशन पर खरीद लिया। इसमें उन्होंने अपनी जेब से 1.5 करोड़ रुपये दिए और 12.5 फीसदी इक्विटी कंपनी को दी, जिसने इसके लिए डेट दिया था। सुरेंद्र के मुताबिक, अक्टूबर 2022 में इसकी सेल 3 लाख रुपये रही थी। मार्च 2023 तक उस वित्त वर्ष की सेल 57 लाख रुपये रही। वहीं अक्टूबर 2023 में कंपनी का बिजनेस 86 लाख रुपये के रेवेन्यू यानी 9.72 लाख रुपये मुनाफे तक पहुंच गया। सुरेंद्र 2023-24 में कुल 10 से 12 करोड़ रुपये के रेवेन्यू का लक्ष्य रख रहे हैं। ऐसा होने पर उन्हें 70 से 80 लाख रुपये का मुनाफा हो सकता है। कंपनी का 90 फीसदी बिजनेस इसकी वेबसाइट से हो रहा है। टर्म्स के प्रोडक्ट अजहर इकबाल को काफी पसंद आए। सुरेंद्र सिंह ने अपने बिजनेस की 2 फीसदी इक्विटी 1.2 करोड़ रुपये में देने की पेशकश की। हालांकि, बाद में अजहर इकबाल के साथ उन्होंने डील की, जिन्होंने 1.2 करोड़ रुपये के बदले 4 फीसदी इक्विटी ली है। बिहार के किशनगंज से आने वाले अजहर इकबाल ने आईआईटी दिल्ली से पढ़ाई की है।

# अंबानी ने लगाया पैसों का अंबार, एक दिन में कमाए 57,032 करोड़, अडानी भी 100 बिलियन डॉलर क्लब की दहलीज पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सोमवार को छह फीसदी से अधिक तेजी आई। इससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 6.86 अरब डॉलर की उछाल आई और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गए। सोमवार को अंबानी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 108 अरब डॉलर पहुंच गई है। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 11.3 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी भी 100 अरब डॉलर क्लब की दहलीज पर पहुंच गए हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 4.28 अरब डॉलर की तेजी आई।

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ सोमवार को 5.49 अरब डॉलर की तेजी के साथ 204 अरब डॉलर पहुंच गई। हालांकि इस साल उनकी नेटवर्थ में 25 अरब डॉलर की गिरावट आई है जबकि पिछले साल उन्होंने 92 अरब डॉलर कमाए थे। जेफ बेजोस 186 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट (183 अरब डॉलर) तीसरे, बिल गेट्स (145 अरब डॉलर) चौथे, मार्क जकरबर्ग (145 अरब डॉलर) पांचवें, स्टीव बालमर (142 अरब डॉलर) छठे, लैरी पेज (137 अरब डॉलर) सातवें, सर्गेई ब्रिन (130 अरब डॉलर) आठवें, लैरी एलिसन (128 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (128 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। इस साल कमाई के मामले में जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। उनकी झोली में अब तक 16.5 अरब डॉलर आ चुके हैं। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में सोमवार को 4.28 अरब डॉलर की तेजी आई। अब उनकी नेटवर्थ 95.9 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 11.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। अडानी इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में जकरबर्ग के बाद दूसरे नंबर पर हैं। पिछले साल अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी और ग्रुप का मार्केट कैप आधे से भी कम रह गया था। लेकिन अब ग्रुप काफी हद तक इसकी भरपाई कर चुका है।

# रिटायरमेंट के बाद जीना चाहते हैं ऐश की जिंदगी? श्रिया नागराजन का देखें पोर्टफोलियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप चाहे नौकरी करते हों या बिजनेस रिटायरमेंट प्लानिंग हर किसी के लिए बहुत जरूरी है। आप जितना जल्दी निवेश करना शुरू करेंगे, उतना बड़ा रिटायरमेंट फंड जमा कर पाएंगे। नौकरी करने वाले ज्यादातर लोगों को रिटायरमेंट प्लानिंग की चिंता रहती है। अक्सर 30 से 40 साल की उम्र में लोगों को इस बारे में पहला खयाल आता है। लेकिन इस उम्र में निवेश शुरू कर एक बड़ा फंड बना पाना मुश्किल होता है। इसलिए अगर आप रिटायरमेंट के बाद ऐश की जिंदगी जीना चाहते हैं तो जितना जल्दी हो सके उतनी जल्दी रिटायरमेंट प्लानिंग के बारे में सोचना जरूरी होता है। चेन्नई में रहने वाली श्रिया नागराजन से आप सबक सीख सकते हैं। दरअसल 25 साल की श्रिया नागराजन 50 साल की उम्र में रिटायर होना चाहती हैं। लेकिन अगर वह अपनी मौजूदा लाइफस्टाइल को बनाए रखना चाहती हैं तो उन्हें अपनी इनकम से ज्यादा बचत की जरूरत होगी।

श्रिया नागराजन को अपने मौजूदा खर्चों के हिसाब से रिटायरमेंट के बाद 85 साल की उम्र तक महंगाई के हिसाब से इनकम के लिए करीब 10.5 करोड़ रुपये के फंड की जरूरत होगी। इस बड़े फंड को बनाने के लिए श्रिया को हर महीने कम से कम 80 हजार रुपये जमा करने की जरूरत है। जबकि वह हर महीने 60 हजार रुपये कम रही हैं और सारा






पैसा खर्च कर देती हैं। अगर वह रिटायरमेंट के लिए बचत शुरू करें तो खर्च करने के लिए कुछ नहीं बचेगा। ऐसे में उनको अपने खर्चों को कम करने के साथ अभी से रिटायरमेंट प्लानिंग की जरूरत है।

बहुत से लोग ढेर सारा खाली समय और बैंक में पर्याप्त फंड के साथ चिंतामुक्त सेवानिवृत्ति का सपना देखते हैं। लेकिन अगर आपने पर्याप्त सेविंग्स नहीं की है तो यह सपना बस वैसा ही रह सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप निवेश करना शुरू कर दें। 50,000 रुपये प्रति माह की रिटायरमेंट इनकम चाहने वाले 30 साल के शख्स को 90 साल की उम्र तक आराम से जीने के लिए 30 वर्षों तक 35,000 रुपये प्रति माह निवेश करने की जरूरत होगी। यहीं पर जरूरी बचत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कर्मचारी भविष्य निधि और एनपीएस जैसी सेवानिवृत्ति योजनाओं में अनिवार्य मासिक योगदान का मतलब है कि नौकरीपेशा लोग अपनी आय का कम से कम 12 प्रतिशत रिटायरमेंट के लिए लगा रहे हैं। इसमें धारा 80सी के तहत टैक्स सेविंग इनवेस्टमेंट भी जोड़ें, जो कई लोगों को लंबी अवधि के निवेश में पैसा लगाने के लिए मजबूर करता है।

हालांकि, सभी नौकरीपेशा लोग ईपीएफ द्वारा कवर नहीं होते हैं, न ही हर कोई सेवानिवृत्ति निधि में मूल वेतन का 12 प्रतिशत योगदान देता है। ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो कंपनी के पेरोल पर नहीं हैं। कवर किए गए लोगों में से कुछ लोग ज्यादा पैसा अपने पास रखने के लिए ईपीएफ में 1,800 रुपये के न्यूनतम योगदान का विकल्प चुनते हैं। बैंकबाजार द्वारा एक सर्वेक्षण में ये बात सामने आई है। हाल के वर्षों में सेवानिवृत्ति लक्ष्यों की ओर खर्च किए जाने वाले धन में कमी आई है। सेवानिवृत्ति के लिए आवंटित बचत का प्रतिशत 2022 में 45 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 38 प्रतिशत हो गया है। यह गिरावट ऐसे समय में आई जब देनदारियां बढ़ रही थीं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 में परिवारों की वार्षिक वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 5.8 प्रतिशत तक पहुंच गईं, जबकि पिछले वर्ष यह 3.8 प्रतिशत थीं। आज के मूल्य पर 50,000 रुपये की हर महीने की इनकम हासिल करने के लिए 60 साल की उम्र में रिटायरमेंट के बाद, एक 30 साल के शख्स को 90 साल की उम्र तक महंगाई के हिसाब से हर महीने इनकम बनाए रखने के लिए 7.5 करोड़ रुपये का कोष बनाना होगा। इसके लिए 10 फीसदी रिटर्न मानते हुए इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उन्हें हर महीने कम से कम 35,000 रुपये का निवेश करना होगा। आपको हर महीने कितनी बचत करने की जरूरत है यह आपके मौजूदा खर्चों, निवेश पर अपेक्षित रिटर्न और महंगाई पर निर्भर करता है। महंगाई रिटायर लोगों की सबसे बड़ी दुश्मन है।

